डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका परिवार की ओर से सभी पाठकों को रमज़ान की दिली मुबारकबाद

# रॉयल पत्रिका

रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़ें पेज 5

वर्ष : 20 | अंक : 05 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 03 मार्च से 09 मार्च 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## राजनीतिक दलों में अल्पसंख्यक कार्यकर्ता अपनी पहचान बनाना जानते हैं!

**- अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं को समाज के लिए शिक्षा, रोजगार एवं विकास की जरुरत से ज्यादा पार्टी मंचों पर पहचान की जरुरत है चाहे वह कैसी भी हो?**

**- इसलिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के स्वागत में आयोजित प्रोग्राम में मंच पर एक दूसरे से हाथापाई करने से भी नहीं चुके भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी**



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। अल्पसंख्यक वर्ग के कार्यकर्ता विशेषकर मुस्लिम समाज के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी चाहे वह देश के किसी भी राजनीतिक दल में हो, अपनी पहचान बनाना अच्छी तरह जानते एवं समझते हैं। मुस्लिम वर्ग के राजनेताओं और कार्यकर्ताओं को सभी राजनीतिक दलों में अपनी व्यक्तिगत छवि निखारने की बड़ी कोशिश रहती है। पार्टी में यह छवि अच्छी हो या बुरी लेकिन चर्चा में रहनी चाहिए। देश के सभी दल मुस्लिम मतदाताओं के सहारे देश एवं प्रदेशों की सत्ता पर काबिज होते रहे हैं। बिना मुस्लिम मतदाताओं के पक्ष और विपक्ष देश की सत्ता में आना किसी दल के लिए संभव नहीं है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, राजद, जदयू, डीएमके, द्रमुक, रांकपा, आम आदमी पार्टी एवं आजाद पार्टी के उम्मीदवार मुस्लिम मतदाताओं के सहारे जीतते आए हैं और सत्ता के मजे लिए हैं। किसी भी दल एवं दलों के नेताओं ने मुस्लिम समाज की शिक्षा, विकास एवं रोजगार का ध्यान नहीं दिया। इन दलों ने मुस्लिम नेताओं और कार्यकर्ताओं को बड़े पद दिए जैसे मंत्री, राज्यपाल, उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति, पार्टी संगठनों में बड़े-बड़े उच्च पद लेकिन पूरे देश में कुछ मुस्लिम नेताओं को छोड़कर किसी ने अपने समाज के विकास में योगदान नहीं दिया। दूसरी तरफ भाजपा का भी बिना मुस्लिम के सत्ता में बना रहना मुश्किल है। भाजपा जब तक ही चुनाव जीत पाएगी जब तक उसका मुस्लिम विरोध करते रहेंगे या बीजेपी जब तक मुसलमानों का विरोध करती रहेगी।

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों में मंच पर हाथापाई**

राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को फिर से अध्यक्ष बनने को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती के नेतृत्व में स्वागत प्रोग्राम 27 फरवरी 2025 को जयपुर में रखा गया। वैसे तो राजनीतिक प्रोग्राम में कार्यकर्ताओं में मंच तक जाने और फोटो खिंचाने की चाहत ज्यादा ही रहती है। लेकिन यहां यह चाहत कुछ और ज्यादा देखी गई। इसी गहमा गहमी में मंच पर चढ़ने और रोकने को लेकर हाथापाई हो गई। भाजपा अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई को देखकर प्रोग्राम में आए भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती अचंभित रह गए। प्रोग्राम में आए लोगों एवं घटना के पास उपस्थित लोगों ने दोनों के बीच, बीच-बचाव किया। ये हाथापाई भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जयपुर शहर भाजपा अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष के बीच हुई। प्रोग्राम के बाद भाजपा संअल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती ने जावेद कुरैशी को मोर्चा के सभी पदों से मुक्त कर दिया। इस घटना को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं की खबरें दिनभर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया पर वायरल हुई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी की पहचान तेजी से हुई जिसकी उनको जरूरत थी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रोग्राम में जो हुआ नहीं होना चाहिए, मेरे साथ कुछ लोगों ने षडयंत्र किया। मेरा मकसद सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता को मंच पर आने से रोकना था।

**- जावेद कुरैशी, उपाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, राजस्थान**

संगठन में इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। हर कार्यकर्ता को अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर पार्टी को मजबूत करने की सोचना चाहिए।

**- मिर्जा जफर बैग, पूर्व अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जयपुर शहर**

## 1600 मेगावाट की थर्मल और 1500 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं होंगी स्थापित- भजनलाल



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने प्रदेश में सुदृढ़ प्रसारण तंत्र एवं थर्मल और अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन दूरगामी निर्णयों से राजस्थान जल्द ही देश में 'ऊर्जादाता' की भूमिका में उभरेगा। उन्होंने कहा कि राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) तथा केन्द्र सरकार और तेलंगाना सरकार के उपक्रम सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के बीच संपादित हुआ एमओयू प्रदेश में बिजली उत्पादन एवं आपूर्ति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड एंव राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के मध्य आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ ही राजस्थान सौर ऊर्जा में अपार संभावनाओं वाले राज्य के रूप में उभर रहा है। जल्द ही राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में नीतिगत निर्णय लेते हुए उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित भी कर रही है।

**राजस्थान में बनेगा 1500 मेगावाट का सोलरपार्क, मिलेगी 800 मेगावाट बिजली—**

शर्मा ने कहा कि एमओयू के तहत 1600 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाएं तेलंगाना में स्थापित होंगी। इसमें से 800-800 मेगावाट बिजली तेलंगाना एवं राजस्थान दोनों राज्यों को मिलेगी। इसके अतिरिक्त राजस्थान में 1500 मेगावाट का सोलर पार्क स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए आरवीयूएनएल ने भूमि भी चिन्हित कर ली है। इस पार्क में लगभग 6 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इन सभी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 22 हजार करोड़ रुपये है।

**54000 मेगावाट क्षमता के लक्ष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 में राजस्थान द्वारा 2030 तक 125 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हमने परंपरागत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 54 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत क्षमता के लक्ष्य को वर्ष 2031-32 तक प्राप्त करने की दिशा में दूरगामी निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने केंद्रीय उपक्रमों के साथ 10 मार्च, 2024 को तथा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान कुल 2 लाख 28 हजार 800 करोड़ रुपये के निवेश समझौते किए। साथ ही, पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन तथा आरवीयूएनएल के मध्य 10 हजार करोड़ का निवेश एमओयू भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित पीएसयू, विभाग एवं एजेंसियां इन परियोजनाओं को जल्द पूरा कर प्रदेश और देश की बिजली जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राजस्थान की अपार सौर ऊर्जा एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर रही है। तेलंगाना की थर्मल ऊर्जा उत्पादन में दक्षता एवं राजस्थान की असीमित सौर क्षमता के लिए संपादित हुआ यह एमओयू ऊर्जा क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखेगा। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि ऊर्जा विभाग तेलंगाना सरकार के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए इन परियोजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने एक प्रस्तुतीकरण देते हुए एमओयू के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा (तेलंगाना) संदीप कुमार सुल्तानिया, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आरवीयूएनएल के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के सीएमडी एन. बलराम सहित संबंधित विभागों के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बसपा के पदों से हटाया



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को झटका दिया है। बीते 10 महीनों में यह दूसरा मौका है, जब आनंद को बसपा में अहम पद से हटाया गया है। हालांकि, पार्टी की अंदरूनी राजनीति समेत इसकी कई वजह गिनाई जा रही हैं, लेकिन इस फैसले के साथ ही आनंद के भविष्य के साथ-साथ मायावती के सियासत में फिर ऐक्टिव रोल की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। खास बात है कि मायावती ने कदम ऐसे समय पर उठाया है, जब सालों से बसपा का ग्राफ तेजी से गिर रहा है।

**मयावती अब नहीं बनाएंगी उत्तराधिकारी**

मायावती ने अपने भतीजे आनंद को रविवार को सभी पदों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद यह कदम उठाया है।पूर्व मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। मायावती ने सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर पिछले महीने बसपा से निष्कासित कर दिया था। बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, 'अब मैंने यह निर्णय लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक, पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।'मायावती ने पहले में आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लेकिन पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक विवादित बयान देने को लेकर उन्होंने अपने भतीजे से यह ओहदा वापस ले लिया था। हालांकि बाद में, मायावती ने उन्हें फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था।

**अंदरूनी दबाव या मजबूत संदेश? मायावती ने आकाश को क्यों हटाया**

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।

इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

**एक वजह कांशीराम की विरासत भी**

यूपी की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं।

**दलितों का लीडर कौन?**

दलित समाज कभी बहन मायावती को दलितों का लीडर और बसपा को दलितों की पार्टी मानता था। मान्यवर काशीराम द्वारा स्थापित बसपा एक समय दलितों की आवाज बन गई थी। दलितों पर पूरे देश में कहीं भी अत्याचार होता था तो देशभर का दलित वर्ग बसपा पार्टी एवं उसके लीडरों की ओर देखता था। अब वही बसपा और तीन बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रही बहन मायावती दलितों में अपना विश्वास और जनाधार तेजी से खोती जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा ने 79 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे। जिनको पूरे प्रदेश में मात्र 2.04 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। आजाद पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण दूसरी तरफ दलित वर्ग में तेजी से जनाधार और विश्वास बढ़ा रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद रावण संसद में भी दलित और पीड़ितों के मुद्दों पर खुलकर बोलते हैं। दलित वर्ग का बसपा सुप्रीमो मायावती से भरोसा समाप्त हो गया है।

बसपा का अब बहन मायावती के नेतृत्व में मजबूत होना मुश्किल है। बसपा को दलितों और अन्य में भरोसा कायम रखने के लिए पार्टी का चेहरा बदलना जरूरी हो गया है। अब ऐसे लगने लगा है कि मायावती का नेतृत्व भाजपा को समाप्त कर सकता है। हो सकता है बहन मायावती भी पदाधिकारियों को बदलकर हटाकर यह संकेत दे रही हो कि वह बसपा के कार्यकर्ताओं को दलितों के उत्थान के लिए अब कोई और व्यवस्था करनी चाहिए।

क्योंकि बहन मायावती की कोई मजबूरियां, परेशानियां एवं व्यक्तिगत बातें हो सकती है जिसके कारण वह पहले जैसी राजनीति नहीं कर सकती है। वैसे भी बसपा पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाया जा रहा है। आकाश आनंद बसपा में उभरता चेहरा है उनको और दूसरों को पार्टी के पदों से हटाना बसपा के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

## अनम जफर बनी यूजीसी NET परीक्षा टॉपर



दरभंगा। हाल ही में यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा में बिहार के दरभंगा जिला की रहने वाली अनम जफर ऑल इंडिया टॉपर बनी हैं। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल किया।

**आइये जानते हैं इनके सफर के बारे में...**

दरभंगा जिले के चंदनपट्टी गांव की रहने वाली में अनम जफर ने UGC-NET JRF परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल किया है। जैसे ही अनम की मां रेहाना खातून ने सुना कि उनकी बेटी ने पूरे देश में टॉप किया है तो खुशी से उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्हें अपने संघर्ष के दिन याद आ गये। क्योंकि अनम जब सिर्फ आठ साल की थी तो उनके पिता ने उनकी मां को तलाक दे दिया। परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। इसके बाद रेहाना खातून ने बड़ी मुश्किनलों से अनम को पाला पोसा और उनकी पढ़ाई-लिखाई कराई। अनम ने भी मां की मेहनत को बर्बाद नहीं होने दिया और खूब मेहनत से पढ़ाई की और आज बिहार ही नहीं समूचे देश में अपना नाम बनाया।

**अपनों ने छोड़ दिया था साथ:-**

अनम के पिता ने उनकी मां को तलाक दे दिया तो घर चलाने की जिम्मेदारी रेहाना खातून पर आ गई। अनम की मां ने एक प्राइवेट स्कूल में महज 800 रुपये महीने की तनख्वाह पर पढ़ाना शुरू किया। इतनी कम आमदनी एक आदमी के लिए भी बेहद कम थी और उन्हें तो पूरा परिवार चलाना था। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाया। संघर्ष के दिनों में रेहाना खातून और अनम के परिवार के लोगों ने भी उनसे मुहं मोड़ लिया था। स्कूली शिक्षा हासिल करने के बाद उनकी मां ने अनम का दाखिला मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचर्स एजुकेशन, दरभंगा में बी। एड में कराया। पढ़ाई के क्रम में ही अनम की शादी जोहर अली नाम के युवक से हुई जो एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं।

**45000 रुपये प्रति माह मिलेगी फेलोशिप:-**

अनम जफर ने दिसम्बर 2024 में यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा दी। हाल ही में जब इसका रिजल्टो घोषित हुआ, तो उन्हें इस परीक्षा में 100 पर्सेंटाइल हासिल हुआ और उनका ऑल इंडिया रैंक 1 था। इस खबर से उनके दोस्तों के साथ ही पूरे विश्वविद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अनम जफर को सम्मानित किया गया। टॉपर बनने के अब उनको एक रिसर्च फेलो के रूप में 45,000 रुपये प्रति माह की फेलोशिप मिलेगी। अनम की सफलता उन लड़कियों के लिए एक संदेश है जो विपरीत परिस्थिति से डर जाती है और अपने सपनों को पाने से पीछे हटती हैं।






# खाटू श्यामजी मेले को लेकर नगर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

## -पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने सौंपा ज्ञापन

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। आगामी खाटू श्यामजी लख्खी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु चौमूं से होकर खाटू धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। इस विशाल धार्मिक आयोजन के चलते नगर में सेवा शिविरों और जलपान केंद्रों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे कचरा प्रबंधन एक अहम चुनौती बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी राजेश कुमार वर्मा ने नगर परिषद आयुक्त दिलीप कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर विशेष सफाई अभियान चलाने, प्रमुख मार्गो पर नियमित कचरा निस्तारण, सुबह-शाम झाड़ू व्यवस्था एवं सार्वजनिक स्थलों पर बड़े डस्टबिन स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा



ने प्रमुख रूप से राधा स्वामी बाग, मोरीजा रोड बाईपास पुलिया, बस स्टेण्ड, तेजाजी फाटक अंडरपास, रेलवे स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, सामोद रोड पुलिया एवं रींगस रोड सहित विभिन्न मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। उन्होने बताया कि श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों के लिए स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। परिषद प्रशासन से अनुरोध किया गया कि इस विषय को प्राथमिकता दी जाए ताकि नगर की स्वच्छता और सौंदर्य बना रहे। जिससे नगरवासी भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे और स्वच्छ चौमूं की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस मौके पर समाज सेवी छीतर मल बबेरवाल बाबूजी भी उपस्थित थे।

# ख्वाजा अब्दुल रज्जाक चिश्ती रहमतुल्ला अलेह का उर्स हुआ संपन्न

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर के कागजी मोहल्ले में स्थित ख्वाजा अब्दुल रज्जाक चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स बड़े ही एहतराम और धूमधाम से मनाया गया। दूर-दूर से आए अकीदतमंदों ने बाबा की करामात से फेज पाया और कहा कि बाबा के दर पर जो आता है वो खाली नहीं जाता, मुरादें पूरी होती हैं उसकी, दर से मायूस नहीं जाता। कागजीयान पंचायत कमेटी सांगानेर के जेरे तले मनाया जाने वाले उर्स में धीरे-धीरे तब्दीली आती नजर आ रही है। चमक धमक धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जो पहले सलीम बाबूजी के जमाने में हुआ करती थी। नामी



गिरामी कव्वाल पार्टियों का आना कम हो गया है। जिसका कारण महफिल में कागजी समाज की रुचि कम होना है। सलीम बाबूजी के जमाने में जो रौनक हुआ करती थी। जिसकी पूरे राजस्थान में चर्चा होती थी। इसका कारण सलीम बाबूजी स्वयं कमान संभालते थे। आजकल विधायक अमीन कागजी इतने बिजी हैं कि इनको बाबा के दरबार में हाजिरी देने का टाइम ही नहीं है। बाबा के कुल की रस्म बहुत ही शानदार ढंग से मनाई जाती है। इस साल का उर्स बहुत ही एहतराम और खुश मिजाजी के साथ संपन्न हुआ।

# महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति सवाई माधोपुर का किया जायेगा पुनर्गठन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति, सवाईमाधोपुर के जिला संयोजक विनोद जैन के निर्देशन मे जिला स्तरीय समिति व उपखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति के जिला सह संयोजक संतोष स्वामी ने बताया कि वर्तमान हालत को देखते हुए महात्मा गाँधी जीवन दर्शन के विचारों के प्रचार-प्रसार कि बहुत आवश्यकता है और गाँधी दर्शन को जन जन तक पहुंचने के लिए जिला संयोजक विनोद जैन दृढ़ संकल्पित हैं। इसके लिए जिला स्तरीय समिति व उपखण्ड स्तरीय समिति का पुनर्गठन करने हेतु जिला संयोजक विनोद जैन के संयोजन मे पांच सदस्यों कि समिति बनाई गई है। जो निम्न प्रकार है:- विनोद जैन-संयोजक, संतोष कुमार स्वामी-सहसंयोजक, बनवारी बैरवा, गुरुवचन वाल्मीकि, सलीम मिर्जा,



बुद्धिराज मीणा,विकास जैन सदस्य बनाये गए हैं। जिला सह संयोजक संतोष स्वामी ने बताया कि जल्द ही सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर "गाँधी जीवन दर्शन ओर वर्तमान हालत "विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गाँधीवादी कुमार प्रशांत, अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव दानिश अबरार मनोज ठाकरे, सांसद विधायक व पूर्व विधायक रहेंगे। इस संगोष्ठी मे सवाईमाधोपुर जिले के 300 गाँधी मित्र भाग लेंगे।

# मुस्लिम समाज की शादियों में गैर शरई रस्मों पर रोक, सवाई माधोपुर में शहर काजी का ऐलान

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर में 28 फरवरी 2025 को एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, जिसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। यह निर्णय मुस्लिम समाज की शादियों में होने वाली गैर शरई रस्मों और फिजूल खर्ची पर रोक लगाने के लिए लिया गया है। इस निर्णय से नई पीढ़ी को एक बेहतर और सादा जीवन जीने का अवसर मिलेगा

शहर काज़ी, मोहम्मद निसार उल्लाह की अध्यक्षता में सवाई माधोपुर में आयोजित एक अहम बैठक में शहर के उलेमा और मस्जिदों के इमामों की मौजूदगी में शादियों में होने वाली गैर शरई रस्मों और फिजूल खर्ची पर चर्चा की गई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब शादियों में होने वाली हल्दी की रस्म, सेहरे की रस्म, ज़हेज़, डीजे, नाच गाना, दुल्हन को ब्यूटी पार्लर के लिए बाजार ले जाना, मैरिज गार्डन में ढोल नगाड़े और आतिशबाजी जैसी गैर शरई रस्मों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि अब शादियों में निकाह को केवल मस्जिद में ही शरई तरीके से पूरा



किया जाएगा और शादी के दौरान फिजूल खर्ची से बचा जाएगा। यदि किसी शादी में डीजे, बैंडबाजा, नाच गाना और आतिशबाजी जैसी चीज़ें शामिल की जाएंगी, तो उस शादी में निकाह की तकमील को रोक दिया जाएगा। काज़ी मोहम्मद निसार उल्लाह और काज़ी मोहम्मद इरफान उल्लाह ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे इस फैसले को लागू करने में शरई जिम्मेदारी के तहत सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हर परिवार और बिरादरी को इस बदलाव के लिए पहल करनी चाहिए और जहां जरूरत हो, वहां उलेमाओं से मार्गदर्शन प्राप्त करें ताकि समाज में सुधार हो सके और आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर जीवन मिले। यह निर्णय मुस्लिम समाज के लिए एक सकारात्मक बदलाव साबित हो सकता है, क्योंकि इससे शादियों में होने वाली फिजूल खर्ची पर नियंत्रण लगेगा और समाज में बेहतर संस्कारों की नींव रखी जाएगी। काज़ी साहब ने सभी से इस फैसले का समर्थन करने की अपील की है ताकि समाज में इस्लाह हो सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सादा जीवन सुनिश्चित किया जा सके।

# शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत इंटर कॉलेज कंपटीशन टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

जाफ़र लोहांनी

मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत आयोजित इंटर कॉलेज कंपटीशन टूर्नामेंट का भव्य उद्‌घाटन हुआ। इस समारोह में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के डीजी संजीव उपाध्याय, एजीएम हेमंत शर्मा और यूनियन बैंक, जयपुर के राजकुमार मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्‌घाटन समारोह में एसबीआई के डीजी संजीव उपाध्याय ने खेलों में प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर दिया और शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स की तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि एसबीआई भारत का सबसे बड़ा वित्तीय सेवा संस्थान है और छात्रों की मदद के लिए सदैव तत्पर है। एजीएम हेमंत शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच है जो उन्हें तकनीकी और शारीरिक कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करता है। यूनियन बैंक के राजकुमार मीना ने संस्थान के अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शंकरा संस्थान बिना किसी भेदभाव के उच्च तकनीकी



शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। उद्‌घाटन मैच में शंकरा तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि विवेक पीजी कॉलेज, कालवाड़ ने भी अपनी जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने और उनके समग्र विकास में सहायक साबित होगा। इस मौके पर शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स ने आगामी शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। यह प्रतियोगिता देश-विदेश से लगभग 300 टीमों के भाग लेने की संभावना से अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गई है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और प्रतियोगिता स्थल, आवास और भोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। संस्थान द्वारा एक दिन में लगभग 3000 प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन में निर्णय लेने के लिए तकनीकी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इस आयोजन में महामहिम राज्यपाल महोदय भी भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा। इन आयोजनों के माध्यम से शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स ने यह सिद्ध किया है कि वे शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के प्रति भी सजग हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपनी क्षमताओं को परखने और निखारने का अवसर प्रदान करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

# रमजान का चांद दिखाई दिया, रोज़ा और तरावीह की शुरुआत

जाफर लोहानी

मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने का चांद शनिवार को दिखाई दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस साल रमजान रविवार से शुरू होंगे, जबकि तरावीह (विशेष नमाज) शनिवार से शुरू हो गई है। जामा मस्जिद के सदर, जमील खान चौहान ने बताया कि चांद दिखने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और सेल्फी लेकर व्हाट्सएप पर चांद की सूचना दी। इसके साथ ही, लोग सेहरी की तैयारी के लिए दुकानों पर सामान खरीदने के लिए निकल पड़े। दुकानों पर चावल, सेवईं, फल, ब्रेड और अन्य खाद्य सामग्री खरीदते हुए लोग दिखाई दिए। इसी के साथ, ईशा की नमाज के बाद तरावीह (20 रकात की विशेष नमाज) भी शुरू हो गई है। इस महीने में कुरान हाफ़िज़ कंठस्थ कुरान ए पाक सुनाकर तरावीह पढ़ाएंगे। रमजान के इस माह में बच्चे, बुजुर्ग, जवान, पुरुष और महिलाएं अपने सब्र के जरिए खुदा को राजी करने का प्रयास करेंगे।

# राज्यपाल से महाराष्ट्र के होम्योपैथी चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने मुलाकात की



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को राजभवन में महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजीनगर, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं होम्योपैथी चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने श्री विजय वातोडकर के नेतृत्व में मुलाकात की। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान उनसे संवाद कर राजस्थान की संस्कृति और विरासत के बारे में अवगत कराया। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का उपयोग पीड़ित मानवता की सेवाओं में किये जाने और चिकित्सा में सेवा-भाव को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किये जाने का आह्वान किया।

# सिंगोद खुर्द पुलिस ने मृतक जवान के परिवार को आर्थिक मदद की

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत चारणवास, सिंगोद खुर्द निवासी राजेंद्र कुमार बुनकर, जो कि कालाडेरा थाने में सिपाही के पद पर कार्यरत थे, की 8 फरवरी 2025 को लंबी बीमारी के बाद 32 वर्ष की आयु में असामयिक मृत्यु हो गई थी। सिपाही की मृत्यु पर जयपुर ग्रामीण पुलिस महकमे ने संयुक्त रूप से मृतक के परिवार की आर्थिक मदद करने का फैसला लिया और इस पहल के तहत मृतक की पत्नी श्रीमती इंदुबाला एवं उनके बच्चों को 7 लाख 71 हज़ार रुपए की राशि प्रदान की। इस राशि को परिवार को सौंपने के लिए जयपुर ग्रामीण के एडिशनल एसपी (यातायात) श्रीनारायण शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक वृत गोविन्दगढ़ राजेश जांगिड़, थाना



इंचार्ज कालाडेरा बाबूलाल मीणा सहित अनेक पुलिस कर्मियों ने मृतक के परिजनों के घर पहुंचकर यह सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लौच्छिब, धोबलाई सरपंच रमेशचंद्र शर्मा, और गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह राशि भेंट की गई। इस कार्यक्रम में ग्राम के अर्जुन सिंह चारण, शिक्षा विद् अनिल कुमार मीणा, शिक्षाविद् अशोक कुमार, चौथमल यादव, वार्ड पंच रमेश सेठी, रणमल बुनकर, पीसी बुनकर, नरेश बुनकर, वृद्धि चंद्र बुनकर, जगदीश प्रसाद बुनकर सहित मृतक के परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इस पहल पर सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लौच्छिब ने पुलिस प्रशासन की पहल को अनुकरणीय और सराहनीय बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# हनुमान सहाय कटारिया राजस्थान गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित

मोहम्मद सादिक हिंदुस्तानी

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं लेकिन श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान का अंदाज ही कुछ निराला है। इसलिए एसआर प्रोडक्शन के द्वारा राजस्थान गौरव रत्न 2024 का अवार्ड श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक हनुमान सहाय कटारिया को होटल सफारी, गोपालपुरा बाईपास जयपुर में प्रदान किया गया। जिसकी सांगानेर के क्षेत्र वासियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। ए संस्था गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में किताबें, बस्ता, पेन, पेंसिल एवं शिक्षक को लगाकर सहयोग करना, गरीब निर्धन लोगों के लिए सर्दी में गर्म कपड़े वितरण करना, गर्मी में




निर्धन गरीब परिवारों में कूलर,पंखे वितरण करना, प्याऊ लगाना, बरसात में टीन, तिरपाल वितरण करना, सर्व समाज के गरीब बच्चे बच्चियों का सामुहिक सम्मेलन में कम खर्चे में शादी करवाना, जिन बच्चे बच्चियों के मां-बाप नहीं है, उनकी शादी निशुल्क करना। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ एवं बाल विवाह रोकने में, दहेज प्रथा समाप्त करने में सरकार की मदद करना, तलाकशुदा महिलाओं को आत्मनिर्भर करना आदि ऐसे कार्य हैं। जिनको संस्था के द्वारा अंजाम दिए जाते हैं। इसीलिए ही गरीबों का मसीहा कहलाता हैं। निर्धन गरीब बेसहारा की दुआओं से संस्था का नाम पूरे राजस्थान में रोशन हो रहा है।

Regd. No. 488/94-95
बोर्ड का परीक्षा परिणाम 100%
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा मान्यता प्राप्त
आज़ाद सीनियर सैकण्डरी स्कूल
नर्सरी से XII तक
हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के साथ
दिखावा नहीं वास्तविकता
श्रेष्ठ परिणाम ही सही विद्यालय की पहचान है।
डॉ. मो. अश्फ़ाक नक़वी, डायरेक्टर
मो.- 9649007786, ऑफिस : 8955383786
मीठी कोठी, सूरजपोल रोड, जयपुर

# राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. (डॉ.) प्रमोद येवले को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। बागडे ने चयन समिति की सिफारिश पर एवं राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

बागडे ने कुलपति पद पर यह नियुक्ति प्रो. प्रमोद येवले के कार्यभार संभालने की तिथि से 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

वक्फ कमेटी दरगाह बाबा सैयद अहमद अली शाह
किले की दाल, नागौर 341001 (राज.)
मैरिज गार्डन ठेके पर देना है
बाबा मैरिज गार्डन का ठेका 11 महीने के लिए दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति 7 दिन के अन्दर दरगाह ऑफिस में सम्पर्क करें। बाद मियाद ठेका छोड़ दिया जाएगा।
शाकिर खाँ - सदर

# वाल्मीकि समाज की बारात का सर्व हिन्दू समाज ने किया भव्य स्वागत

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर के गम्भीरा (भाडौती)से बाबूलाल वाल्मीकि के पुत्र बिष्णु की बारात करौली जिले की सपोटरा तहसील के गाँव रानीपुरा जाखौदा में कालू हरिजन की बेटी शिवानी की बारात का सर्व समाज के लोगो ने रानीपुरा में स्वागत किया जिसमें सभी बारातियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं अल्पाहार करवाया गया। अन्त में प्रत्येक बाराती को श्रीफल भेंट किया गया। श्रीफल को हिन्द संस्कृति के अनुसार अशोक के पत्ते ,आम के पते कलावा से बाँधकर संस्कृति का परिचय दिया गया।

बारात के स्वागत में लगभग 15 समाजों के 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

* कार्यक्रम में दूसरे गाँवो से भी



काफी मात्रा में स्वागत करने हेतु समाज सेवक पधारे।

* इसके बाद ग्राम के पंच पटैलों एवं सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मिलकर दूल्हे को बग्गी(रथ) पर बिठाकर धूमधाम से, वन्देमातरम् -जय श्री राम के नारों के साथ निकासी निकाली । बारात में पधारे वाल्मीकि समाज के 75 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि 'ऐसा सम्मान पाकर हमारा जीवन धन्य हो गया है।' समस्त ग्रामीणों को ऐसा दृश्य देखकर प्रसन्नता हुई। कार्यक्रम में कृष्णवल्लभ शर्मा, पवन कुमार गुप्ता, बाबूलाल सेवानिवृत्त रेल्वे, पप्पू लाल मीना मुनेश चंद मीना, चिरंजी पटेल, रामभरोसी डीलर, जनमेद पटेल शिवकुमार गुप्ता, रामधन डाबिर, अमृतलाल जाखौदा, लक्ष्मी पटेल, श्याम सुंदर इनायती, बजरंगलाल पटेल, रामनिवास मीना, मनकेश, सुरज्ञानी, मुकेश, बाबूलाल सैनी, राजेन्द्र मीणा, मदनमोहन कांवटी, भरतलाल रानीपुरा एवं सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# ग़ज़ल

मोहब्बत की यादों में खोया करो ना
मेरे पास आकर जी रोया करो ना

ये कांटे हैं इनको बोया करो ना
चुभन दे जो यादें संजोया करो ना

मेरा घर जला कर हंसता है पागल
खबरदार बेपरवाह सोया करो ना

दिलों के हालात यकसां हैं फिर
जफ़ाओं के कांटे चुभोया करो ना

शुरु है अभी आगे होता है क्या क्या
हंसों मुस्कुराओ यूं खोया करो ना

अभी जी लिया फिर जिया जाएगा ना
बिछड़ने की ये बातें किया करो ना

लुटा कर सभी कुछ आएं हैं देखो
लुट जाने का डर दिखाया करो ना

मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान
सहायक सचिव (सेवानिवृत्त)
मो.98286 68877

रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका
रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।
-संपादक
Scan Here

# आरोग्य मेले में कपिंग थेरेपी से घुटनों के दर्द का हो रहा है इलाज



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर में आयोजित आरोग्य मेला इस बार खास चर्चा का विषय बन गया है, जहां कपिंग थेरेपी और यूनानी चिकित्सा द्वारा मरीजों को राहत मिल रही है। शिविर प्रभारी डॉ. मोहम्मद रोशन ने बताया कि कपिंग थेरेपी विशेष रूप से घुटनों के दर्द के इलाज में प्रभावी साबित हो रही है। घुटनों में दर्द के कारणों में चोट, गठिया, ऑस्टियोआर्थराइटिस, और अधिक तनाव शामिल हैं। कपिंग थेरेपी में त्वचा पर विशेष तरीके से प्लास्टिक या सिलिकॉन कप रखा जाता है, जिससे नकारात्मक दबाव (वैक्यूम) बनता है। यह दबाव मांसपेशियों और संयोजक ऊतकों को राहत देता है, रक्त संचार को बढ़ाता है और दर्द में कमी करता है। इसके साथ ही, शरीर के प्राकृतिक दर्द निवारक रसायन, एंडोर्फिन, का स्राव भी सक्रिय हो जाता है, जिससे सूजन और दर्द में काफी कमी आती है। इस मेले में यूनानी चिकित्सा का भी महत्वपूर्ण योगदान है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. निसार अहमद ने बताया कि यूनानी चिकित्सा के माध्यम से त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, मधुमेह, माइग्रेन, बवासीर और मौसमी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। मेले में आने वाले मरीजों को चिकित्सा परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी दी जा रही हैं। आरोग्य मेला यूनानी नोडल प्रभारी डॉ. शौकत अली और डॉ. लियाकत अली मंसूरी ने बताया कि शनिवार को 240 मरीजों ने यूनानी औषधियों से लाभ लिया और 110 मरीजों ने कपिंग थेरेपी का लाभ उठाया।

# खान विभाग की टीम ने अवैध बजरी परिवहन करते बिना नंबर के 2 डंपर और 1 ट्रेलर जब्त किए

**- 15 लाख रु का जुर्माना, एक सप्ताह में 3 जेसीबी, 1 कंप्रेसर, डंपर ट्रेलर, ट्रॉली सहित 28 वाहन जब्त**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खान विभाग की टीम ने सोमवार तड़के जयपुर के आसलपुर में बजरी का अवैध परिवहन करते बिना नंबर के 2 डंपर और 1 ट्रेलर को जब्त किया है। टीम ने एक सप्ताह में 28 वाहन जब्ती कर संबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द किया है। एमई जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि अवैध खनन/निर्गमन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए पिछले सप्ताह ग्राम दांतली, सांगानेर में खनिज मैसनरी स्टोन का अवैध खनन करते हुए पाये जाने पर 3 जेसीबी मशीन, 2 डम्पर, 3 ट्रेक्टर ट्रॉली और 1—1 कम्प्रेशर मशीन और डम्पर को जब्त कर पुलिस थाना शिवदासपुरा के सुपुर्द किया गया। अवैध खनिज निर्गमन करते हुए पाये जाने पर 4 डम्पर, 2 ट्रेक्टर ट्रॉली को पुलिस थाना फागी में, 4 ट्रेक्टर ट्रॉली पुलिस थाना सांगानेर सदर में, 1 डम्पर पुलिस थाना माधोराजपुरा, 1 डम्पर पुलिस थाना रेनवाल मांझी, 3 डम्पर पुलिस थाना जोबनेर की सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार कुल 18 प्रकरणों में जब्त 03 जेसीबी मशीन, 01 कम्प्रेशर मशीन, 12 डम्पर, 9 ट्रेक्टर ट्रॉली से 48 लाख रू. की वसूली की कार्रवाई की गई।

# महावतान बिरादरी ने लिया बड़ा फैसला, सादगी से निकाह पर दिया जोर



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।महावतान बिरादरी के पंच-सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों की एक अहम बैठक घाटगेट स्थित चांद छबील, सुब्हान उस्मान मस्जिद के पास 25 फरवरी को आयोजित की गई। बैठक का मकसद समाज में शादियों से गैर-इस्लामी रस्मों को खत्म कर इस्लामी सादगी को अपनाने पर जोर देना था। गरीब नवाज फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बिरादरी के प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि चीफ काजी खालिद उस्मानी, शरई काजी मुफ्ती गुफरान रज़ा मिस्बाही, हाफिज आफताब अहमद, हाफिज रियाज अहमद और कारी अब्दुल मुगनी ने कहा कि निकाह को बोझ नहीं, बल्कि आसान बनाया जाना चाहिए। फिजूलखर्ची और दिखावे से बचकर इसे इस्लामी सादगी के साथ संपन्न करना ही समाज के लिए फायदेमंद होगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि जो लोग इन नियमों का पालन नहीं करेंगे, उन पर बिरादरी की ओर से कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन वार्ड 83 के पार्षद प्रत्याशी रहे शाहनवाज लाला ने किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में फैली बुराइयों को दूर कर निकाह को आसान बनाना है। इस अवसर पर तालीम को बढ़ावा देने के लिए 23 हाफिजों, एक आलिम, चार आलिमा, दस डॉक्टर, दो इंजीनियर और एक लेक्चरर को सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। बैठक में पार्षद हाजी उम्रदराज, पार्षद असमा खान, अशफाक अहमद, एडवोकेट गुलाम मुस्तफा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने इस पहल का समर्थन किया और इसे समाज सुधार की दिशा में अहम कदम बताया। बैठक के अंत में बिरादरी के सदस्यों ने गैर-इस्लामी रस्मों को त्यागने और शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ ली, ताकि आने वाली पीढ़ी एक बेहतर और शिक्षित समाज में आगे बढ़ सके।

# जयपुर में कॉंग्रेस नेता अब्दुल कलाम का जोरदार स्वागत

**-भारतयात्री रूबी खान के आवास पर हुई अहम बैठक**



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक और राजस्थान प्रभारी अब्दुल कलाम का गुरुवार को जयपुर में भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रभारी भारतयात्री रूबी खान के निवास पर हुआ, जहां शहर के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी और शिक्षाविद जुटे। बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी प्रमुख रहीं। इस दौरान सलीमउल्लाह खान ने अल्पसंख्यक युवाओं के प्रतिनिधि के रूप में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की सराहना की। कांग्रेस युवा नेता शाहनवाज लाला ने रूबी खान को उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर खुशी जताई और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा में उर्दू की जगह संस्कृत को अधिक प्राथमिकता देने के फैसले पर चिंता जताई गई। स्कूल संचालक कारी मोहम्मद इसहाक और हाजी यासिर हुसैन सूफी ने कहा कि इससे उर्दू भाषी छात्रों को नुकसान होगा। कब्बरी समाज के शकील अहमद ने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी चुनौतियों को उठाया और कहा कि अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। अब्दुल कलाम ने भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता इमरान प्रतापगढ़ी तक पहुंचाएंगे। रूबी खान ने कहा कि वे और अब्दुल कलाम कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करने के लिए लगातार राज्यों का दौरा कर रहे हैं और राजस्थान एवं यूपी में पार्टी संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इस मौके पर कैप्टन मिर्जा एम. बैग, वाजिदुद्दीन खान, परवीन खान, मिर्जा आसिफ, तारीक खतीब, जावेद खान, मोहम्मद आरिफ, इमरान खान, जुनेद अहमद खान, मोहम्मद अतीक और रईस अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में किया भ्रमण

**-अधिकारियों को पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण किया। उन्होंने उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट तक जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के साथ पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उद्यान में भ्रमण कर रहे देशी-विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। शर्मा ने भी पर्यटकों से आत्मीयता से बातचीत कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों की प्रजाति की विविधता के लिए देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, इसलिए जिला प्रशासन यहां आने वाले पर्यटकों के लिए संचालित सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। शर्मा ने राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट पर केवलादेव शिव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और आमजन की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय आरोग्य मेला – 2025, जयपुर जिला कलेक्टर ने किया मेले का अवलोकन

**-मेले के दूसरे दिन 9430 लोगों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लिया लाभ**




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने रविवार को आयुष विभाग द्वारा आयोजित "आरोग्यम्" राज्य स्तरीय आरोग्य मेला – 2025 के दूसरे दिन मेले का दौरा किया और विभिन्न स्टॉलों पर दी जा रही आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों से चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। मेले के नोडल अधिकारी डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि आयुर्वेद निदेशक डॉ. आनंद शर्मा के सानिध्य में आयोजित व्याख्यान में नई दिल्ली के आशा आयुर्वेद के इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. चंचल शर्मा ने बांझपन के कारण एवं समाधान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके अतिरिक्त अग्निकर्म एवं विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. रवि गोगिया द्वारा अग्निकर्म एवं विद्धकर्म जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उनके प्रभाव और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। मेले के दूसरे दिन 9430 लोगों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। मेले में आयुर्वेद चिकित्सा, सौंदर्य प्रसाधन, अग्निकर्म, स्वर्णप्राशन, जलनेति, होम्योपैथी चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, प्राकृतिक परीक्षण, नाड़ी परीक्षण एवं अन्य चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# ए.पी.एस स्कूल के निदेशक इक़बाल दानिश ख़ान को अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा किया गया सम्मानित



जयपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ए.पी.एस स्कूल के निदेशक इक़बाल दानिश ख़ान को "इंटरनेशनल कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ वर्ल्ड वाइड प्रिंसिपल" (ICWP) द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके लेख "द रोल ऑफ टीचर" के लिए प्रदान किया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों की भूमिका और उनके प्रभाव पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया है। आईसीडब्ल्यूपी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का संघ है, जिसमें भारत सहित कई देशों के शिक्षाविद शामिल हैं। यह संगठन शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने और शिक्षकों की भूमिका को सशक्त करने के लिए कार्यरत है। इक़बाल दानिश ख़ान को इससे पहले भी "नवाचारी शिक्षक शिक्षण पद्धति" नामक पुस्तक में उनके लेख के लिए सराहा जा चुका है। शिक्षा जगत में उनके योगदान और नवाचारों के चलते, उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि के साथ ख़ान को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और समर्पण के लिए एक और पहचान मिली है। इक़बाल दानिश ख़ान की इस उपलब्धि से शिक्षा क्षेत्र में समर्पित शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा मिलेगी।

# सुन्दर नगर में अवैध कचरा प्लांट हटाने की मांग, विकास समिति ने विधायक रफीक खान से की अपील

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सुन्दर नगर विकास समिति ने जयपुर के आदर्श नगर क्षेत्र के विधायक रफीक खान को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित अवैध कचरा प्लांट को हटाने की मांग की है। यह कचरा प्लांट स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सुन्दर नगर विकास समिति के सचिव, एडवोकेट मुजाहिद अख्तर ने बताया कि लाल डूंगरी, दिल्ली बाईपास रोड स्थित सुंदर नगर कॉलोनियों के निवासियों के लिए यह कचरा प्लांट असहनीय समस्याएँ उत्पन्न कर रहा है। इस अवैध कचरा डिपो में जयपुर के डोर-टू-डोर हूपर से कचरा लाया जाता है और यहीं पर डालकर आगे 7-8 किलोमीटर दूर भेजा जाता है। समिति का कहना है कि इस प्रक्रिया का कोई औचित्य नहीं है, और कचरा एक ठेकेदार द्वारा उठाने के बजाय यहीं फैलाया जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्र में कई गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। मुख्य समस्याओं में दुर्गंध और प्रदूषण, आग लगने की घटनाएँ, जल और मिट्टी का प्रदूषण, मच्छरों और बीमारियों का खतरा और बच्चों तथा बुजुर्गों पर पड़ने वाला नकरात्मक प्रभाव शामिल हैं। समिति ने इस कचरा डिपो से उठने वाली दुर्गंध के कारण क्षेत्रवासियों को सांस संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ने की बात भी उठाई है। साथ ही, गर्मी के मौसम में कचरे में आग लगने से उठने वाले धुएं के कारण भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सुन्दर नगर विकास समिति ने विधायक से आग्रह किया है कि इस अवैध कचरा प्लांट को जल्द से जल्द हटाया जाए और इसे एक वैध स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन बेहतर हो सके। समिति ने यह भी कहा कि यदि कचरा प्लांट के कारण स्थिति नहीं सुधारी गई, तो यह क्षेत्र में एक और स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है, जैसा कि कोरोना महामारी के दौरान हुआ था।

# नाई की थड़ी वार्ड नंबर 4 में अमृत योजना 2.0 के तहत हो रहे सीवर कार्य में लापरवाही

**-घटिया निर्माण से जनता परेशान**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नाई की थड़ी वार्ड नंबर 4 में अमृत योजना 2.0 के तहत चल रहे सीवर लाइन कार्य में गंभीर लापरवाही और घटिया निर्माण कार्य की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि चैंबर निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि कई जगहों पर चैंबर के बेस को बनाया ही नहीं गया, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, जहां बेस बनाया भी गया है, वहां सीमेंट-कंक्रीट की बजाय पत्थर भर दिए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद दानिश के अनुसार कई स्थानों पर चैंबर के लिए आवश्यक रिंग न होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। चैंबर की ऊंचाई को लेकर भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कुछ स्थानों पर यह सड़क से काफी ऊंचा है, तो कुछ जगहों पर बेहद नीचे, जिससे यातायात में दिक्कतें आ सकती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद दानिश ने बताया कि स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस बारे मं कई बार संबंधित निर्माण कंपनी और नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों की मांग है कि इस कार्य की गुणवत्ता की तत्काल जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों एवं अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

# शहरी क्षेत्रों में अब होगा पेयजल की समस्या का निदान

**-5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य होंगे**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश ऐसा है जहां सदियो से पेयजल की समस्या हमेशा रहती है लेकिन अब मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं कुशल नेतृत्व की बदोलत राजस्थान की तस्वीर एवं तकदीर दोनों ही बदलने वाली है। इस सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 के तहत शहरी क्षेत्र के लिए पेयजल को लेकर बड़ी घोषणाएं की है, जिससे प्रदेश की शहरी जनता अब पेयजल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेंगी।

मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) से शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाएगा, इसके बजट 2025-26 में 5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जाएगें। इसमें बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना स्टेज द्वितीय (फेज-2) के अन्तर्गत कॉमन इन्टेक वैल विथ रॉ वॉटर ट्रांसमिशन लाइन, जल शोधन संयंत्र मय Clear water transmission line एवं स्वच्छ जलाशय का निर्माण व अन्य सम्बन्धित कार्य जयपुर और अजमेर में 1 हजार 986 करोड़ 68 लाख रुपये के कार्य होंगे।

**18 शहरों में 1 हजार 650 करोड़ रूपये के होंगे जलापूर्ति कार्य-**

मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के तहत जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, भरतपुर सहित 18 शहरों में 1 हजार 650 करोड़ रूपये के जलापूर्ति कार्य सहित पाली, बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर, टोंक, झुंझुनूं, कुचामन सहित 11 शहरों में 275 करोड़ रूपये के सतत् जलापूर्ति के गुणात्मक संवर्धन कार्य करवाये जाएंगे। इसी तरह इस मिशन के तहत उदयपुर, चूरू, दूदू, बगरू, नसीराबाद, गुलाबपुरा, मुण्डावर, खैरथल, बहरोड़ सहित 51 शहरों में 1 हजार 200 करोड़ रूपये से सर्विस लेवल, सप्लाई और प्रेशर में सुधार के कार्य होंगे।

**पेयजल योजनाओं का होगा संवर्धन तथा सुदृढीकरण-**

मिशन के तहत निवाई, डिग्गी व लांबा हरिसिंह शहरी पेयजल योजनाओं के संवर्धन तथा सुदृढीकरण का कार्य सहित पाईप एवं टैंक स्कीम का कार्य किया जायेगा। साथ ही जादमों की ढाणी को पाईप स्कीम में बदलने का कार्य भी होगा। इसी तरह शहरी जल योजना श्रीडूंगरगढ़ के सुदृढ़ीकरण का कार्य के लिए 80 करोड़ रूपये, बगरू नगर पालिका के सम्पूर्ण क्षेत्र को पेयजल योजना से जोड़ने का कार्य के लिए 58 करोड़ 74 लाख रुपये, ग्रामीण योजना लूणकरणसर को शहरी जल योजना में क्रमोन्नत करने का कार्य करने के लिए 40 करोड 64 लाख रुपये, जीरो पोईन्ट हैंडवर्क्स पर स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य-बाड़मेर के लिए 31 करोड 88 लाख रुपये, जल योजना नापासर के सुदृढीकरण के कार्य (लूणकरणसर) हेतु 27 करोड़ रुपये, अलवर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जल प्रदाय सुविधा विकसित करने का कार्य करने के लिए 25 करोड़ रुपये, बालोतरा एवं सिवाना के लिए बफर स्टोरेज का निर्माण कार्य करने के लिए 19 करोड 70 लाख रुपये एवं शहरी जल योजना भावरी तहसील पिण्डवाड़ा के पुनर्गठन का कार्य करने के लिए 18 करोड 68 लाख रुपये की राशि से शहरी क्षेत्रों में पेयजल संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।

**अमानीशाह पंप हाउस पर स्वच्छ जलाशय का होगा निर्माण-**

मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के अन्तर्गत बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना के अन्तर्गत अमानीशाह पम्प हाउस पर 15 एमएल क्षमता के स्वच्छ जलाशय के निर्माण और इंटर कनेक्शन का कार्य करवाया जाएगा। इसका सीधा फायदा सिविल लाइंस, हवामहल, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और किशनपोल क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।

**सोजत रोड पर होगा रेपिड ग्रेविटी जल शोधन संयंत्र का निर्माण-**

मिशन के तहत सोजत रोड पर 2.8 एम.एल.डी. का रेपिड ग्रेविटी जल शोधन संयंत्र, स्वच्छ जलाशय एवं राईजिंग पाईप लाईन का निर्माण कर कंटालिया बांध से सोजत रोड की जलापूर्ति का कार्य करवाया जाएगा। जिस पर 15 करोड 76 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। बंध बारैठा से मलाह हैड वर्क्स भरतपुर तक पुरानी 600 एमएम जीआरपी पाइप लाइन के स्थान पर डीआईके 7 पाइप लाइन बदलने का कार्य के लिए 67 करोड़ 73 लाख रुपये का प्रावधान इस बजट में किया गया है। मारवाड़ जंक्शन को जाडन से जवाई बांध का पानी उपलब्ध करवाने के लिए 13 करोड़ 8 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

**भरतपुर में 10 करोड़ रूपये से होंगे जलापूर्ति के कार्य-**

मिशन के तहत भरतपुर में एस.पी. जेड योजना में जल आपूर्ति का कार्य करने के लिए 10 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। शहरी जल योजना तारानगर में पुरानी व जर्जर पाइप लाइनों एवं पुराने पम्प सैट बदलने का कार्य करने के लिए 1 करोड़ 22 लाख रुपये एवं शहरी जल योजना नगर परिषद् नागौर की सीमा क्षेत्र से बाहर बसी आबादी को पेयजल सप्लाई से लाभान्वित करने के लिए जल योजना कार्य करने के लिए 17 करोड़ 94 लाख रुपये के कार्य करवाये जाएंगे।

**धार्मिक स्थल देशनोक में पेयजल व्यवस्था का होगा सुदृढ़ीकरण-**

देशनोक में पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का कार्य करने के लिए 9 करोड़ रुपये एवं नावां शहर के नहरी पेयजल से अलाभान्वित एवं वंचित क्षेत्र में नहरी पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 26 करोड़ 3 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। बांसवाडा के गढ़ी में 19 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से पेयजल वितरण प्रणाली विरतार संवर्धन तथा सुदृढ़ीकरण का कार्य किये जायेंगे।

# मुण्डियारामसर में 8 मार्च को मेगा रोजगार मेले का उद्योग मंत्री करेंगे उद्घाटन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को जयपुर के मुंडियारामसर में उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, जयपुर द्वारा मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

1 दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का उद्‌घाटन उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे।

उपनिदेशक, रोजगार कार्यालय श्रीमती नवरेखा ने बताया कि मेले में विनिर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैंकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा,सिक्योरिटी,कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 40 निजी नियोजक युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन करेंगें। विभिन्न सरकारी विभाग मेले में विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।

मेगा रोजगार मेले का अधिक से अधिक युवा आशार्थी एवं नियोजक लाभ प्राप्त कर सकें, इस उद्देश्य से क्यूआर कोड जारी किया गया है जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक मेले में पंजीकृत हो कर भाग ले सकते हैं।

बजट घोषणा—2025 में रोजगार मेलों के आयोजन, कैंपस इंटरव्यू तथा नये निवेश के द्वारा स्थानीय युवाओं के रोजगार को प्रोत्साहन देते हुए निजी क्षेत्र में आगामी वर्ष एक लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने युवाओं का आव्हान किया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

वर्तमान में निजी क्षेत्र में रोजगार की अपार सभावनाएं हैं, अतः अधिक से अधिक संख्या में युवा आशार्थी इस मेगा रोजगार मेले में भाग ले कर उक्त मेले का लाभ उठायें।

इस मेगा रोजगार मेले में 10वीं पास से लेकर डिप्लोमा, आईटीआई, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी आशार्थियों के लिए रिक्तियां हैं, अतः सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ मेगा रोजगार मेले का लाभ उठाएं।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## ट्रंप किसी को भी धमका देते हैं

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी देश एवं उसके राष्ट्राध्यक्ष के बारे में कुछ भी बोल देते हैं और उनकी कई बातों में धमकी शामिल होती है। यूक्रेन, यूरोपीय यूनियन, कनाडा, चीन, भारत, ईरान, सीरिया एवं फिलिस्तीन को ट्रंप अब तक कई बार धमका चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को तो साथ बैठाकर धमकाया और बेज्जती की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले तो यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को अमेरिका बुलाया और फिर पूरी दुनिया के सामने बेइज्जत किया गया। इसी तरह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधन के बहाने बेइज्जत किया गया। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री गंभीर और धैर्य रखने वाले थे, नहीं तो मंच पर ही करारा जवाब दे सकते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति कभी कनाडा को अमेरिका का एक राज्य बनाने की बात करते हैं, तो कभी फिलिस्तीन को टूरिस्ट स्पॉट बनाने की बात करते हैं, कभी ईरान, सीरिया और तुर्की को परिणाम भुगतने की चेतावनी भी देते हैं। अमेरिका सिर्फ रूस, चीन, उत्तर कोरिया एवं इजराइल को धमकी नहीं देता है। क्योंकि रूस, चीन उत्तर कोरिया धमकी के बदले धमकी देते हैं व परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हैं। इजरायल में यहूदियों का बड़ा वर्चस्व है। अमेरिका की इकोनॉमी इजराइलियों पर निर्भर है और बड़े-बड़े इजरायली वैज्ञानिक अमेरिका में महत्वपूर्ण काम संभाल रहे हैं। इसलिए इजरायल का बुरा से बुरा कृत्य और गलतियां अमेरिका को सहन करना पड़ती हैं। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप को लगता है कि अमेरिका अभी भी दुनिया का सुपर पावर देश है और किसी दूसरे देश में उससे मुकाबले की क्षमता नहीं है। जबकि दूसरे देश मानने लगे हैं कि अमेरिका का भविष्य अच्छा नहीं है। उसका हथियारों का बाजार लगातार कम हो रहा है चीन, रूस, भारत, तुर्की व ईरान जैसे देश उन्नत किस्म के हथियार बना रहे हैं साथ ही दूसरे देशों को बेच भी रहे हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में ज्यादातर पैसा हथियार बेचकर ही आता है जो लगातार कम हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का व्यवहार जिस तरह का सामने आ रहा है उससे लगने लगा है कि उसके रिश्ते दूसरे देशों से अच्छे रहने वाले नहीं है। यूरोपीय देशों के बल पर अमेरिका विश्व में बेताज बादशाह बना हुआ था। यूएनओ में हमेशा अमेरिका पक्ष की जीत दिखाई देती थी। लेकिन अब आगे ऐसा नहीं रहने वाला है। मुस्लिम देश अमेरिका से पहले ही नाराज चल रहे हैं, भारत ने भी अमेरिका का एक लंबे समय तक साथ दिया है। जबकि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को तोड़ने की साजिश रची थी। भविष्य में अमेरिका का चीन के साथ बड़ा संघर्ष संभावित है क्योंकि चीन अमेरिका के सामने हर मोर्चे पर चुनौती बनता जा रहा है, जो उसको पसंद नहीं आ रहा है। इसलिए भविष्य में विश्व के देशों का शक्ति संतुलन बदलने वाला है। लेकिन वर्तमान में अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरे देशों के प्रति व्यवहार उचित नहीं दिखाई दे रहा है। ट्रंप का यह व्यवहार अमेरिका के व्यापार एवं हैसियत को कम कर सकता है।

## रमज़ान से जुड़े सवाल-जवाब

•सवाल:- क्या रोज़े की हालत में ख़ून चेक करवा सकते हैं?
•जवाब:- हाँ, करवा सकते हैं। इससे रोज़े पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इतना ख्याल रखना चाहिए कि इतना ज़्यादा खून ना निकले जिससे कमज़ोरी हो।
•सवाल:- रोज़े की हालत में इन्हेलर इस्तेमाल करना कैसा है?
•जवाब:- अगर किसी को दमा की बीमारी है और बिना इन्हेलर के दम घुटने लगे, तो वह इस्तेमाल कर सकता है, मगर इससे रोज़ा टूट जाएगा और अगर यह बीमारी मुस्तक़िल हो तो ऐसा शख़्स रोज़ों के बदले फ़िदा दे।
•सवाल:- क्या रोज़े की हालत में आँखों में दवाई डाल सकते हैं?
•जवाब:- हाँ, आँख में डाली गई दवा से रोज़ा नहीं टूटता फ़िर भी चूंकि इसमें नई तहक़ीकात की रोशनी में कुछ इख़्तिलाफ़ हुआ है, इस लिए दिन में आंखों में दवा डालने से परहेज़ करना बेहतर है।
•सवाल:- रोज़े की हालत में कानों में दवा डालना कैसा है?
•जवाब:- कान में दवा डालने से रोज़ा टूट जाएगा।
•सवाल:- रोज़े की हालत में दाँत निकलवाने से रोज़ा टूटेगा?
•जवाब:- नहीं, लेकिन अगर खून हलक़ में चला गया, तो रोज़ा टूट जाएगा, इस लिए ऐसे काम रात या रोज़ों के अ़लावा दिनों में करें।
•सवाल:- रोज़े की हालत में टूथपेस्ट कर सकते हैं?
•जवाब:- मकरूह है क्योंकि उसका ज़ायका हलक़ में जाने का ख़तरा होता है, इस लिए मिस्वाक का इस्तेमाल करना चाहिए।
•सवाल:- अगर रोज़े में उल्टी आ जाए तो रोज़े का क्या हुक्म है?
•जवाब:- अगर ख़ुद ब-ख़ुद उल्टी आ जाए तो रोज़ा नहीं टूटता। लेकिन अगर जान-बूझकर उल्टी कर दी और मुँह भरकर थी, तो रोज़ा टूट जाएगा।
•सवाल:- अगर रोज़े में मुँह में जमा थूक निगल लें तो रोज़े का क्या होगा?
•जवाब:- कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन जान-बूझकर थूक इकट्ठा करके निगलना अच्छा नहीं।
•सवाल:- रोज़े की हालत में नाक में उंगली डालने से रोज़े का क्या हुक्म है?
•जवाब:- कोई हर्ज नहीं।
•सवाल:- क्या सफ़र के दौरान रोज़ा छोड़ सकते हैं?
•जवाब:- हाँ, अगर सफ़र 92 किलोमीटर या उससे ज़्यादा का है और घर से निकल चुके हैं, तो रोज़ा छोड़ सकते हैं।
•सवाल:- गर्मी में भारी काम करने वालों के लिए रोज़े का क्या हुक्म है?
•जवाब:- रोज़ा रखना ज़रूरी है, इस लिए जो मशक्कत भरा काम करते हों, रमज़ान में काम का टाइम कम या काम का टाइप कुछ हल्का कर लें।
•सवाल:- अगर रोज़े में भूलकर खा-पी लिया तो क्या रोज़ा टूट गया?
•जवाब:- नहीं, भूलकर खाने-पीने से रोज़ा नहीं टूटता।
•सवाल:- अगर कोई रोज़े में पानी से कुल्ली कर रहा हो और हलक़ में पानी चला जाए तो रोज़ा रहेगा?
•जवाब: नहीं, अगर जान-बूझकर ऐसा किया तो रोज़ा टूट जाएगा, लेकिन भूल से हो गया तो रोज़ा रहेगा।
•सवाल:- रोज़े में मुँह सूखने लगे तो क्या होंठ गीले कर सकते हैं?
•जवाब: हाँ, इसमें कोई हर्ज नहीं।
•सवाल:- क्या रोज़ा तोड़ने पर सिर्फ़ क़ज़ा करनी होगी या कफ़्फ़ारा भी देना होगा?
•जवाब:- अगर जान-बूझकर बिना शरई वजह के तोड़ा, तो कफ़्फ़ारा है यानी 60 रोज़े रखने पड़ेंगे, वरना सिर्फ़ क़ज़ा करनी होगी।
(मुफ्ती अय्युब मिस्बाही के हवाले से)
रमज़ान से जुड़े किसी भी तरह के सवालों के जवाब 98280-49081 नंबर पर व्हाट्सप्प या मैसेज कर पूछ सकते हैं

# रमज़ान का इस्तक़बाल कैसे करें ?




रमज़ान में वह बंदा क़ुर्ब-ए-इलाही पाकर सिबग़तुल्लाह में रंग जाता है। जिस तरह अल्लाह तआला ने अपनी मख़लूक़ात में से कुछ को कुछ पर फ़ज़ीलत दी, वैसे ही दिनों में भी कुछ को कुछ पर, जगहों में भी कुछ को कुछ पर और रातों में अफ़ज़ल रात लैलतुल क़द्र को बनाया। महीनों में भी कुछ को कुछ पर फ़ज़ीलत दी और रमज़ान को तमाम महीनों में अफ़ज़ल क़रार दिया।

रसूल-ए-अकरम □ रजब के शुरू होते ही यह दुआ फ़रमाया करते थे:

(ऐ अल्लाह, हमारे लिए रजब और शाबान में बरकत अता फ़रमा और हमें रमज़ान तक पहुंचा दे)।

यह बहुत मुबारक और क़ीमती दुआ है, क्योंकि हम सब अल्लाह की रहमत और बरकतों के मोहताज हैं। रमज़ान को पाने के लिए ईमान की सलामती और क़ूवत ज़रूरी है, जो इस दुआ की कसरत से नसीब हो सकती है।

रमज़ान की बशारत

हज़रत उबादा फ़रमाते हैं कि एक मर्तबा हुज़ूर □ ने रमज़ान के क़रीब फ़रमाया: "रमज़ान का मुबारक महीना आ गया है, जो बहुत बड़ी बरकत वाला है। अल्लाह तआला इस महीने में तुम्हारी तरफ़ मुतवज्जेह होते हैं, अपनी ख़ास रहमत नाज़िल फ़रमाते हैं, गुनाहों को माफ़ करते हैं, दुआओं को क़बूल करते हैं, और मलाइका से तुम्हारा ज़िक्र फ़ख़्र के साथ करते हैं। बस अल्लाह को अपनी नेकी दिखाओ। बदनसीब है वह शख़्स जो इस महीने में भी अल्लाह की रहमत से महरूम रह जाए।" (तबरानी)

रमज़ान की ख़ुसूसियात

रसूलुल्लाह □ ने फ़रमाया कि रमज़ान की पाँच ख़ुसूसियात ऐसी हैं जो सिर्फ़ इस उम्मत को दी गईं, पहली उम्मतों को नहीं। पहली यह कि रोज़ेदार के मुंह की बू अल्लाह के नज़दीक़ मिश्क़ से ज़्यादा पसंदीदा है। दूसरी यह कि दरिया की मछलियां तक रोज़ेदार के लिए दुआ करती हैं। तीसरी यह कि जन्नत हर दिन रोज़ेदारों के लिए सजाई जाती है और अल्लाह फ़रमाते हैं कि क़रीब है कि मेरे नेक बंदे दुनिया की मुश्किलों को सहन करके तेरी तरफ़ आएं। चौथी ख़ुसूसियत यह है कि सरकश शैतानों को क़ैद कर दिया जाता है, ताकि वो लोगों को बहकाने में कामयाब न हों। पांचवीं और सबसे बड़ी ख़ुसूसियत यह है कि रमज़ान की आख़िरी रात में तमाम रोज़ेदारों की मग़फ़िरत कर दी जाती है।

रमज़ान का इस्तेक़बाल कैसे करें?

हज़रत सलमान फ़ारसी रज़ि. फ़रमाते हैं कि नबी-ए-करीम □ ने शाबान की आख़िरी तारीख़ को हमें ख़ुत्बा दिया और फ़रमाया कि तुम्हारे ऊपर एक बहुत बड़ा और मुबारक महीना आ रहा है। इसमें एक रात (लैलतुल क़द्र) है, जो हज़ार महीनों से बेहतर है। अल्लाह ने इसके रोज़े को फ़र्ज़ किया और इसकी रात के क़ियाम (तरावीह) को नफ़्ल बनाया। जो इस महीने में एक नेकी करेगा, वह गैर-रमज़ान में एक फ़र्ज़ अदा करने के बराबर होगी। और जो एक फ़र्ज़ अदा करेगा, उसे गैर-रमज़ान के सत्तर फ़र्ज़ का सवाब मिलेगा।

रमज़ान में इख़लास और बख़्शिश की दुआ

रमज़ान को महज़ एक रस्म न समझें, बल्कि इस मुबारक मेहमान की ख़ुशी से इस्तेक़बाल करें। जिस तरह एक मेहमान के आने पर घर को साफ़ किया जाता है, उसी तरह अपने दिलों को हर तरह की बुराई से पाक करें। अल्लाह, उसके बंदों और ख़ासकर अपने माँ-बाप को राज़ी करें। रसूलुल्लाह □ ने फ़रमाया कि रमज़ान का पहला हिस्सा रहमत, दूसरा मग़फ़िरत और तीसरा जहन्नम से निजात का ज़रिया है। जो शख़्स इस महीने में किसी रोज़ेदार को इफ़्तार कराएगा, उसके गुनाह माफ़ कर दिए जाएंगे और जहन्नम से आज़ादी नसीब होगी। सहाबा ने अर्ज़ किया कि, "या रसूलुल्लाह, हम सबको रोज़ेदार को खिलाने की ताक़त नहीं!" इस पर आप □ ने फ़रमाया कि यह सवाब सिर्फ़ खाने से नहीं, बल्कि अगर कोई एक खजूर या पानी का घूंट भी किसी रोज़ेदार को पिलाए, तब भी यह सवाब मिलेगा।

रमज़ान में दुआओं की क़ुबूलियत

रसूलुल्लाह □ ने फ़रमाया कि तीन लोगों की दुआ कभी नामंज़ूर नहीं होती। पहली रोज़ेदार की इफ़्तार के वक़्त की दुआ, दूसरी इंसाफ़ करने वाले हाकिम की दुआ और तीसरी मज़लूम की दुआ, जिसे अल्लाह फ़रिश्तों से ऊपर उठा लेते हैं और कहते हैं कि मैं तेरी मदद ज़रूर करूंगा, चाहे देर क्यों न हो।

रमज़ान में अपनी हालत सुधारें

रमज़ान इमान को नया जोश देने वाला महीना है। जिस तरह एक नेज़े की धार को पत्थर से तेज़ किया जाता है, वैसे ही रमज़ान हमारे दिलों को गुनाहों से पाक करता है। पूरे साल जो इंसान गुनाहों में डूबा रहता है, रमज़ान उसके ज़ाहिर और बातिन को संवार देता है। इसलिए इस मुबारक महीने का इस्तेक़बाल करें। हर तरह की रंजिशों को ख़त्म करें, अल्लाह से मग़फ़िरत मांगे और तौबा करें। नमाज़ों में पाबंदी करें, ग़रीबों और यतीमों की मदद करें, दुआओं की कसरत करें और ग़लत कामों से तौबा करें और नेक रास्ते पर चलने का पक्का इरादा करें। रमज़ान वह मेहमान है, जो साल में सिर्फ़ एक बार आता है। यह हमारे लिए अल्लाह की रहमत, मग़फ़िरत और जहन्नम से निजात का पैग़ाम लाता है। इसका सही इस्तेक़बाल करें, ताकि यह हमारे लिए आख़िरत में नजात का ज़रिया बने।

# शब्द "काफ़िर" की गलत व्याख्या और गलत उपयोग: समझ और एकता के लिए अपील

शब्दों का चयन अक्सर रिश्तों को प्रभावित करने, लोगों की धारणा को बदलने और लोगों को एक साथ लाने या उन्हें अलग करने की क्षमता रखता है। एक शब्द जिसका व्यापक रूप से गलत अर्थ लगाया गया है और जिसका दुरुपयोग किया गया है वह है "काफ़िर।" बहुत से लोग सोचते हैं कि यह शब्द सभी गैर-मुसलमानों को शामिल करता है, हालाँकि इस्लामी शिक्षाओं पर करीब से नज़र डालने पर ऐसा नहीं लगता। "काफ़िर" शब्द का इस्तेमाल ऐतिहासिक रूप से पैगंबर मुहम्मद साहब के समय के लोगों के एक विशेष समूह को संदर्भित करने के लिए किया जाता था, जो पूरी तरह से परिस्थितिजन्य था और इसे सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता है, खासकर समकालीन दुनिया में। काफ़िर शब्द की बारीकी से जाँच करना ज़रूरी है क्योंकि आधुनिक प्रवचन में इसके लापरवाह उपयोग ने अनावश्यक अलगाव और संघर्ष को जन्म दिया है।

अरबी में "काफ़िर" शब्द का अर्थ है "ढंकना" या "इनकार करना।" कुरान में, "काफ़िर" का इस्तेमाल सभी गैर-मुसलमानों को संदर्भित करने के लिए नहीं किया गया है। पैगंबर मुहम्मद साहब के समय में, इसका इस्तेमाल खास लोगों, खास तौर पर कुरैश जनजाति के लोगों को संदर्भित करने के लिए किया जाता था, जिन्होंने सच्चाई के स्पष्ट सबूत देखने के बावजूद इस्लामी संदेश को जानबूझकर अस्वीकार कर दिया था। यह समझना जरूरी है कि "काफिर" शब्द किसी जाति, समुदाय या धर्म के लिए सामान्य शब्द के बजाय एक व्यक्तिगत वर्णन है। यह व्यापक गलत धारणा कि सभी गैर-मुस्लिम काफिर हैं, एक विकृति है जो कुरान में पाए गए दृष्टिकोण के साथ असंगत है। ईश्वर कुरान में विभिन्न समुदायों को उन नामों से संदर्भित करता है जिनसे वे समुदाय जाने जाते थे, न कि उन्हें काफिर कहते हैं। उदाहरण के लिए, सूरह अर-रम में बीजान्टिन को "काफिर बीजान्टिन" नहीं कहा जाता है, बल्कि केवल "बीजान्टिन" कहा जाता है, भले ही वे ईसाई हों। इसी तरह, यमन के गैर-मुस्लिम शासक अब्राहम को सूरह अल-फिल में "यमन के काफिर शासक" के बजाय "हाथियों का आदमी" कहा जाता है। अंतरधार्मिक संबंधों के प्रति इस्लाम का दृष्टिकोण शब्दावली के इस सावधानीपूर्वक उपयोग से प्रदर्शित होता है, जो दूसरों को अलग-थलग किए बिना मतभेदों को स्वीकार करता है। काफ़िर शब्द के उपयोग से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण पहलू सभी गैर-मुसलमानों के विरुद्ध युद्ध छेड़ने से संबंधित कुरान की आयतों की गलत व्याख्या है। कुरान स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध केवल आत्मरक्षा में ही उचित है और निश्चित रूप से पूरे समुदायों को मिटाने के लिए नहीं। कुरान की सूरह अल-बक़रा (1:190) स्पष्ट रूप से घोषणा करती है कि- "जो लोग तुमसे लड़ते हैं उनके विरुद्ध ईश्वर के मार्ग में लड़ो, लेकिन सीमाओं का उल्लंघन मत करो"। इससे पता चलता है कि मुसलमानों को केवल इसलिए लोगों से लड़ने के लिए नहीं कहा जाता है क्योंकि वे गैर-मुसलमान हैं, बल्कि कुरान इस्लाम की शिक्षाओं के धैर्य और बुद्धिमत्तापूर्ण प्रसार के साथ अहिंसक संचार को बढ़ावा देता है अंतरधार्मिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डालने के साथ-साथ, इस प्रथा ने मुस्लिम समुदाय के भीतर सांप्रदायिक कलह को बढ़ा दिया है क्योंकि विभिन्न गुट एक-दूसरे पर कुफ्र का आरोप लगाते हैं। भारत जैसे देशों में इस शब्द के दुरुपयोग के परिणामस्वरूप हिंदू-मुस्लिम संबंधों को बहुत नुकसान हुआ है। "काफ़िर" शब्द का इस्तेमाल अपमानजनक शब्द के रूप में किया गया है, जिससे दुश्मनी बढ़ी है और लोगों में फूट पड़ी है। औपनिवेशिक काल के दौरान नस्लवाद और गुलामी से जुड़े होने के कारण, दक्षिण अफ्रीका ने "काफ़िर" शब्द के इस्तेमाल पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है, इसके बेहद अपमानजनक अर्थों को स्वीकार करते हुए। आधुनिक दुनिया में अपने शब्दों और कार्यों के साथ सावधान रहना आवश्यक है, जहां कई धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान एक साथ मौजूद हैं। पैगंबर मुहम्मद साहब ने लोगों को कभी "ओ काफ़िर" नहीं बल्कि "ओ लोग" या "ओ मानव जाति" कहकर सम्मान और समावेशिता दिखाई। इस्लाम कहता है कि किसी की आस्था चाहे जो भी हो, सभी के साथ सम्मान से पेश आना चाहिए। व्यक्तियों को वर्गीकृत या विभाजित करने के बजाय शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और एक-दूसरे के प्रति सम्मान पर जोर दिया जाना चाहिए। "काफ़िर" शब्द के दुरुपयोग ने काफ़ी नुकसान पहुँचाया है। इस विभाजनकारी शब्दावली को त्याग दिया जाए और समझदारी और करुणा की भावना को अपनाया जाए। शब्दों का वजन होता है और उनका लापरवाही से इस्तेमाल गहरे घाव पैदा कर सकता है। सही रास्ता लेबल लगाने और परेशान करने का नहीं, बल्कि संवाद, सम्मान और साझा मानवता का है।

# वक्फ बोर्ड: बहुसंख्यकों की गलतफहमियों की तार्किक समीक्षा

भारत में वक्फ बोर्ड को लेकर बहुसंख्यक समुदाय के बीच कई गलतफहमियाँ पाई जाती हैं, जो अक्सर अधूरी जानकारी, राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित प्रचार, और ऐतिहासिक तथ्यों की गलत व्याख्या के कारण उत्पन्न हुई हैं। इस लेख में हम इन भ्रांतियों की तार्किक समीक्षा करेंगे और सत्य को समझने का प्रयास करेंगे।

1. वक्फ संपत्ति का अर्थ और उसका स्वामित्व

गलतफहमी: वक्फ संपत्ति सरकारी धन से बनाई गई होती है और इसका लाभ केवल मु सलमानों को मिलता है।


तथ्य: वक्फ संपत्ति किसी व्यक्ति या समुदाय द्वारा धार्मिक, परोपकारी या सामाजिक कार्यों के लिए दी गई दान संपत्ति होती है। इसका स्वामित्व व्यक्तिगत नहीं बल्कि अल्लाह के नाम पर होता है, और यह किसी सरकार की संपत्ति नहीं होती।

वक्फ का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थानों, कब्रिस्तानों, मदरसों, अनाथालयों, और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए संपत्ति को सुरक्षित रखना है। यह एक कानूनी ढांचा है, जो हिंदू(HINDU)धर्म में मंदिर ट्रस्ट और सिख (SIKH)धर्म में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के समान कार्य करता है।

2. क्या वक्फ बोर्ड सरकार के पैसे से चलता है?

गलतफहमी: वक्फ बोर्ड को सरकार फंडिंग देती है और यह सरकारी संसाधनों पर बोझ है।

तथ्य: वक्फ बोर्ड को सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती। यह अपनी ही वक्फ संपत्तियों की




आय से चलता है।

हाँ, सरकार इसमें एक प्रबंधकीय भूमिका निभाती है, ताकि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग न हो। जैसे हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1951 के तहत मंदिरों की संपत्ति का प्रबंधन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है, वैसे ही वक्फ बोर्ड भी सरकार द्वारा नियंत्रित एक प्रबंधकीय निकाय है, जो मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों की देखरेख करता है।

3. क्या वक्फ बोर्ड के पास बहुत अधिक संपत्ति है?

गलतफहमी: वक्फ बोर्ड के पास अपार संपत्ति है, लेकिन वह सिर्फ मुसलमानों को ही लाभ देता है।

तथ्य:यह सच है कि वक्फ संपत्तियाँ देशभर में फैली हुई हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पर अवैध कब्जे हो चुके हैं—और दिलचस्प बात यह है कि इनमें से अधिकांश अतिक्रमण सरकारी संस्थाओं और दबंग मुस्लिम और गैर मुस्लिम व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं।

2011 में वक्फ विकास निगम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50% वक्फ संपत्तियाँ अतिक्रमण का शिकार हैं, और उनकी बाजार कीमत लाखों करोड़ रुपये आंकी गई थी। लेकिन यह संपत्ति वक्फ बोर्ड के सीधे नियंत्रण में नहीं होती, और इसकी आय का उपयोग समाज के सभी वर्गों के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए, वक्फ संपत्तियों से प्राप्त धन का उपयोग अस्पतालों, स्कूलों, और अनाथालयों के लिए किया जाता है, जिनका लाभ सभी समुदायों को मिलता है।

4. क्या वक्फ बोर्ड संविधान के विरुद्ध एक विशेषाधिकार प्राप्त संस्था है?

गलतफहमी: वक्फ बोर्ड को विशेषाधिकार प्राप्त हैं, जो अन्य धार्मिक संस्थाओं को नहीं मिलते।

तथ्य: भारत में न केवल मुस्लिम वक्फ बोर्ड हैं, बल्कि हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धार्मिक ट्रस्ट और बोर्ड भी हैं।

हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम के तहत कई राज्यों में मंदिरों की संपत्तियाँ सरकारी निगरानी में होती हैं।

-सिख गुरुद्वारा अधिनियम, 1925 के तहत गुरुद्वारों का प्रबंधन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) द्वारा किया जाता है।

- जैन और बौद्ध धर्म के धार्मिक ट्रस्ट भी विभिन्न राज्यों में संचालित होते हैं।

इसलिए, वक्फ बोर्ड कोई विशेषाधिकार प्राप्त संस्था नहीं है, बल्कि यह अन्य धार्मिक संपत्ति प्रबंधन निकायों की तरह ही कार्य करता है।

5. क्या वक्फ बोर्ड को समाप्त कर देना चाहिए?

गलतफहमी:वक्फ बोर्ड एक साम्प्रदायिक संस्था है और इसे समाप्त कर देना चाहिए।

तथ्य:यदि वक्फ बोर्ड को समाप्त किया जाता है, तो अन्य धार्मिक संपत्ति प्रबंधन संस्थाओं को भी समाप्त करना होगा, जो संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता के मूल अधिकारों के खिलाफ होगा।

वास्तव में, वक्फ बोर्ड को खत्म करने से कोई फायदा नहीं होगा, बल्कि इसकी पारदर्शिता और प्रशासनिक कुशलता में सुधार की आवश्यकता है, ताकि सभी वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग हो सके और इससे सभी समुदायों को लाभ मिल सके।

निष्कर्ष=

वक्फ बोर्ड को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती हैं, वे या तो अधूरी जानकारी पर आधारित हैं या फिर जानबूझकर एक नकारात्मक नैरेटिव गढ़ने के लिए प्रचारित की जाती हैं। वक्फ संपत्तियाँ न तो सरकार के पैसे से बनाई जाती हैं और न ही ये सिर्फ मुसलमानों के लिए होती हैं।

हमें इस विषय पर निष्पक्ष रूप से सोचने और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। वक्फ बोर्ड भी अन्य धार्मिक संस्थाओं की तरह ही एक कानूनी संस्था है, और इसका उद्देश्य समाज की भलाई करना है। अतः इसके अस्तित्व को समाप्त करने के बजाय इसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

# रमजान के रोज़ों के फायदे और मुसलमानों के लिए अहमियत



रमजान का महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही खास और पवित्र है। अधिकांश मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं ताकि वे रोज़े रखें, पवित्र क़ुरान की तिलावत करें, अधिक से अधिक नफिल नमाजें पढ़ें, और तरावीह की नमाज अदा करें। इस दौरान उनके घरों में अफ़तार और सुहारी के लिए खास इंतजाम किए जाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए अफ़तार का दस्तरख़ान सजाते समय यह ध्यान रखा जाता है कि किसी चीज़ की कमी न हो। कई जगहों पर, जब तक मगरिब की अज़ान नहीं होती, तब तक अफ़तार का दस्तरख़ान बिछा दिया जाता है। लेकिन दूसरी ओर, रमजान के दौरान रोज़ा रखने का एक और बड़ा लाभ यह है कि यह कई बीमारियों में फायदेमंद होता है। मेडिकल न्यूज़ टुडे में रोज़े के फायदों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसमें बताया गया है कि रोज़ा कैंसर से लड़ने में सहायक है। यह शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करता है और सूजन को नियंत्रित करता है, जो कि कैंसर के इलाज में मदद कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, ओवेरियन कैंसर (अंडकोष कैंसर) में मुब्तिला महिलाओं और कीमोथेरेपी करवा रहे रोगियों के लिए रोज़ा लाभकारी हो सकता है। इसके अलावा, हेल्थलाइन में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, रोज़ा रखने से कोलेस्ट्रॉल और ट्राईग्लिसराइड्स की मात्रा कम होती है, जिससे रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, और इससे दिल की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, रोज़ा रखने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार हो सकता है और यह न्यूरोडिजेनेरेटिव डिसऑर्डर (तंत्रिका संबंधी बीमारियों) से बचाव कर सकता है। रिसर्च से यह भी सामने आया है कि रोज़ा रखने से जीवनकाल बढ़ सकता है। हालांकि, कई मुसलमान रोज़ा न रखने के बहाने ढूंढ़ते हैं, जैसे कि उनकी तबीयत खराब है, काम का बोझ अधिक है, कमजोरी है या वे रोज़ा नहीं रख सकते। लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि अगर कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है, जैसे कि कैंसर, तो उसे डॉक्टर से सलाह लेकर ही रोज़ा रखना चाहिए। लेकिन जिन लोगों के पास रोज़ा न रखने के बिना कारण बहाने होते हैं, वे इन बहानों से न तो इस दुनिया में और न ही आख़िरत में बच सकते हैं। रोज़ा रखने का आदेश अल्लाह का है, और यह हमारी धार्मिक जिम्मेदारी है। रोज़ा रखने का स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर होता है। यह मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज़ पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इन दोनों स्थितियों में, यह कहा जाता है कि ये बीमारियाँ कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती हैं। मेडिकल न्यूज़ टुडे की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2018 में किए गए एक शोध से यह सामने आया कि रोज़ा रखने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और यह किसी व्यक्ति की सेहत को बेहतर बना सकता है। अंततः, रोज़ा रखने का आदेश केवल धार्मिक है और इसे अल्लाह के आदेश के रूप में समझा जाना चाहिए। यह हमारे शरीर और आत्मा दोनों के लिए लाभकारी है।

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया टॉपर इरम खान का स्वागत

**शब्बीर हुसैन**

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम के द्वारा ट्रस्टी शिक्षाविद् हैदर अली खान की भांजी और डॉक्टर जावेद खान की बेटी इरम खान का सी एस प्रोफेशनल परीक्षा में पूरे देश में टॉप करने पर स्वागत किया। ट्रस्ट के सलीम अब्बासी ने बताया कि इरम ने अपनी मेहनत और लगन से अपने माँ बाप का ही नहीं बल्कि पूरी कौम ओर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया 9 वीं रेंक हासिल की, इरम ने इसके पहले C S फाउंडेशन में ऑल इंडिया 19 वीं रेंक ओर C S एग्जीक्यूटिव में ऑल इंडिया 21 वीं रेंक हासिल करके साबित किया कि बेटियां आज के दौर में किसी से पीछे नहीं हैं। इस ख़ुशी के मौक़े पर मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने उनके घर जाकर इरम खान और पूरे परिवार का इस्तकबाल कर मुबारकबाद पैश की।



आपको बता दें इरम खान आकाश वाणी कोटा में अपने माता पिता डॉ जावेद खान - शहनाज खान के साथ रहती है उसने घर पर ही रहकर कठिन परिश्रम से कंपनी सेकेट्री परीक्षा में ऑल इंडिया टॉप किया है । उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता ओर अपने दादा, नाना हाजी याकूब अली कसूरी, मामा कृषि अधिकारी इनायत अली खान, शिक्षाविद् हैदर अली खान को दिया है। मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम बेटी इरम खान के रोशन मुस्तकबिल के लिए दुआ करती है। इस मौक़े पर ट्रस्ट के जनरल सेकेट्री हयात खान, इमाम मंसूरी, सलीम अब्बासी, आल इंडिया रेडिओ अनाउंसर तरन्नुम नाज़, आमिर नवाब, एडवोकेट जेड असलम, एम सी टी क्लिनिक प्रभारी ज़ाकिर आसफी मौजूद रहे।

# सद्दाम हुसैन अंसारी बने ईदगाह कमेटी बारां के सदर

बारां, (रॉयल पत्रिका)। शहर वक्फ कमेटी के प्रेस प्रवक्ता शोएब अख्तर ने जानकारी देते हुए बताया कि वक्फ कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को एक मीटिंग वक्फ कमेटी के चैयरमैन इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रखी गई। मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए। वक्फ कमेटी के चेयरमैन इरफान अंसारी ने सभी मेंबरों की सहमति से सद्दाम हुसैन अंसारी (बहुराणी साड़ी शोरूम) वालों को ईदगाह कमेटी बारां का सदर नियुक्त किया गया। मीटिंग में पूर्व ईदगाह कमेटी सदर साजिद खान के सात वर्ष के कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूरे होने पर उनको माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया गया। चेयरमैन अंसारी ने ईदगाह कमेटी के नव नियुक्त सदर सद्दाम हुसैन अंसारी को जल्द से जल्द अपनी कमेटी बनाने की बात कही, ताकि ईदुल फितर से पहले ईदगाह की सारी तैयारियां अच्छे से हो सके। मीटिंग में कमेटी के सरपरस्त अब्दुल अजीज अंसारी, अब्दुल रशीद खान, नायब सदर हाजी जमील अहमद अंसारी, खजांची हाजी अनवर अली, सेकेट्री रईस अहमद, नायब सेकेट्री अब्दुल हक उर्फ हक्का भाई, बोर्ड मेंबर समीर खान उर्फ बंटी, परवेज खान, इरफान अशरफी, जहीर भाई, मुजाहिद भाई आदि मेंबर मौजूद रहे।




# भाया दम्पत्ति ने धार्मिक एवं जीवदया कार्यों के साथ मनाई अपने विवाह की 37वीं वर्षगांठ



**शब्बीर हुसैन**

बारां, (रॉयल पत्रिका)। राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया द्वारा 1 मार्च को अपने विवाह की 37वीं वर्षगांठ सादगीपूर्ण तरीके से मनाई। गौरतलब है कि आज ही के दिन 01 मार्च 1987 को पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया एवं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया वैवाहिक बंधन में बंधे थे। भाया दम्पत्ति द्वारा विवाह की 37वी वर्षगांठ के अवसर पर प्रातःकाल नित्य दैनिक कार्यो से निवृत्त होकर श्रीजी मंदिर, चैमुखा स्थित गणेश जी मंदिर, चन्द्रप्रभू मंदिर, बड़ां बालाजीधाम एवं जैन तीर्थ पहुंचकर पूजा अर्चना का देव दर्शन किए। इसके उपरान्त श्री महावीर गौशाला कल्याण संस्थान द्वारा बड़ां बालाजीधाम के सामने संचालित निःशुल्क पक्षी-पक्षी चिकित्सालय पहुंचकर पशु-पक्षियों की सार संभाल की। गोवंश को अपने हाथों से हरा चारा, गुड खिलाया।

# समाज में सुधार के लिए सभी की भागीदारी जरूरी: काजी जुबेर अहमद

**शब्बीर हुसैन**

कोटा, (रॉयल पत्रिका) सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मकसद से समाज सुधार सोसायटी का गठन किया गया। शहर काजी जुबेर अहमद की सरपरस्ती में समाज सुधार व जागरूकता अभियान की शुरुआत ओर इसका पहला समारोह जंगली शाह बाबा दरगाह स्थित हॉल में शनिवार को सम्पन्न हुआ। शहर काजी ने कहा कि सूद खोरी, नशा, जुआं, हरामखोरी व कई बुराइयों को सुधारने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। डॉ नईम फलाही, इंजीनियर खलील अहमद, सैफुल्लाह खान, आसिफ हुसैन, हाफिज असगर अहमद, हाफिज यामीन, आलिमा शाकीरा, शिफा खालिद, आलिमा बुशरा, प्रिंसिपल शमशूनिशा आदि ने तालीम, तरबियत ओर सामाजिक बुराइयों को दूर करने के बारे में अपने ख्यालातों का इजहार किया। सोसायटी के सदर डॉक्टर मोहम्मद सिद्दीक अंसारी ने बताया कि सोसायटी शहर के गणमान्य नागरिकों का सामाजिक संगठन है। इसका मकसद जुआं, सट्टा, शराब, स्मैक, चरस, ब्याज, मूर्तद हो जाना जैसे बड़े बिगाड़ को रोकना है। सोसायटी के सदस्य साहिल कुरैशी ने बताया कि मोहल्ला स्तर पर महीला - पुरुषों की अलग - अलग टीम बनाकर घर - घर जाकर जागरूक किया जाएगा। प्रोग्राम को सफल बनाने में हाजी मुख्तार अंसारी, सलाउद्दीन अहमद, रहीम बक्श, जमील बैग, डॉ अब्दुल वहाब, इंजीनियर जाकिर हुसैन, हयात खान, पार्षद आसिम खान का सहयोग रहा। प्रोग्राम का संचालन खालिद खान ने किया।




# सुकेत में तीन बेटियां लापता, परिजनों की गुहार पर मंत्री बोले- आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलेगा

डॉ० तौहीद

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे से तीन बेटियों के लापता होने का मामला सामने आया है। इनमें दो नाबालिग हैं। बेटियों के परिजनों ने शनिवार रात को यहां आए शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री के सामने उनकी बेटियों की बरामदगी की गुहार लगाई। इस पर मंत्री ने मौके पर मौजूद थानाधिकारी को निर्देश दिए। फिर डीएसपी से मोबाइल पर

बात कर तुरंत बालिकाओं को दस्तयाब करने की बात कही। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर शनिवार रात को यहां पहुंचे। यहां उनके स्वागत का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान तीन बेटियों के परिजन भी पहुंच गए और मंत्री को बताया कि उनकी बेटियां एक-दो माह से लापता हैं। इनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। बेटियां किस स्थिति में हैं, यह चिंता बनी हुई है। परिजनों ने पुलिस पर भी मामले को गंभीर नहीं लेने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री दिलावर ने मौके पर मौजूद थानाधिकारी छोटूलाल को बुलाकर पूछा कि कस्बे से कितनी बच्चियां लापता हैं और पुलिस क्या कर रही है। थानाधिकारी छोटूलाल ने बताया कि 3 बालिकाओं की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस लगातार तलाश कर रही है। दो-तीन टीमें लगाई गई हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला।



इस पर मंत्री ने डीएसपी घनश्याम मीणा से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि बेटियों को तलाशने के लिए जितनी भी टीमें चाहिए, लगाई जाएं। इसके लिए वे एसपी से भी बात करेंगे। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगले 5 से 7 दिनों में तीनों बेटियां अपने घर लौटनी चाहिए।

मंच से चेतावनी- बुरी नजर रखी तो बख्शेंगे नहीं।

सभा में मंत्री दिलावर ने कहा कि कस्बे में गुंडागर्दी नहीं चलेगी। जो भी बहन-बेटियों पर बुरी नजर डालेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह किसी भी धर्म का हो। बच्चियां सभी की हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग बच्चियों को भगाकर ले जाते हैं, उनके परिजन और रिश्तेदार सुन लें। यदि बच्चियां सही-सलामत घर नहीं लौटीं, तो उनके मकानों पर बुलडोजर चलेगा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने सुकेत को कन्या महाविद्यालय इसलिए दिया, ताकि बेटियां पढ़-लिखकर अफसर बने, लेकिन यदि कस्बे में बहन-बेटियों के साथ ऐसा ही व्यवहार चलता रहा तो इस कॉलेज को कहीं और शिफ्ट कर देंगे या रद्द कर देंगे। बीते एक साल में सुकेत थाने में युवतियों व बालिकाओं की गुमशुदगी के कुल 38 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें 20 बालिग व 18 नाबालिग हैं। सुकेत थाने के अनुसार पिछले 6 माह में 20 बालिग लड़कियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई। जिनकी उम्र 18 से 22 साल के बीच थी। इन सभी को दस्तयाब कर लिया गया है। वहीं पिछले 1 साल में 18 नाबालिग लड़कियां गुम हुई हैं। इसमें से पुलिस ने 16 लड़कियां दस्तयाब कर ली हैं। दो का सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने मंत्री से शिकायत की है।

"बीते दो महीनों में तीन बालिकाओं की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने विशेष टीम का गठन भी किया है। जल्द बालिकाओं को दस्तयाब किया जाएगा।"

-छोटूलाल, थानाधिकारी, सुकेत।

# नन्हीं अक्सा और अल्फिया ने रखा अपना पहला रोजा



बारां, (रॉयल पत्रिका)। रमजानुल मुबारक का पाक महीना रविवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन मुस्लिम इलाकों में रमजान के दौरान खासी रौनक देखने को मिली। घर के बड़ो की तरह छोटे बच्चों ने भी सेहरी करके रोजा रखा और दिन भर इबादत में मशगूल हो गए। शहर के मेलग्राउंड निवासी असगर अली कंपाउंडर की 9 वर्षीय बेटी अक्सा ने अपना पहला रख कर दिन भर इबादत की और शाम को परिवार के साथ रोजा खोल कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। वहीं नयापुरा निवासी अतीक अहमद मिस्त्री की 10 वर्षीय बेटी अल्फिया ने भी अपना पहला रोजा रखा। परिवार ने दिन भर अल्फिया को इबादत में मशगूल रखा। शाम को परिवार के साथ रोजा खोलकर अल्लाह का शुक्र अदा किया। इस दौरान परिवार सहित मोहल्ले वासियों ने बच्चियों को नेक दुआओं से नवाजा और उनकी हौसला अफजाई के लिए गिफ्ट भी दिए।

# जय सरस्वती आदर्श स्कूल में मनाया विज्ञान दिवस




डॉ तोहीद

सुकेत, (रॉयल पत्रिका कस्बे के जय सरस्वती आदर्श सी. सै. स्कूल द्वारा महान वैज्ञानिक सीवी रमन की रमन खोज की याद में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया । स्कूल के डायरेक्टर अयाज खान ने बताया कि स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसमें स्कूल के 132 छात्र छात्राओं विज्ञान विषय पर मॉडल बनाकर इस प्रदर्शनी में भाग लिया इसमें चंद्रयान, पुष्प का अनुप्रस्थ काट, जल शुद्धिकरण मॉडल ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण के प्रकार, सक्रिय ज्वालामुखी, हाइड्रोलिक ब्रिज,पवन चक्की, उत्सर्जन तंत्र, वर्षा जल संग्रहण, श्वसन तंत्र, स्ट्रीट लाइट,प्राकृतिक खेती,सोलर पैनल रक्त परिसंचरण, कार लिफ्ट आदि उत्कृष्ट मॉडल बनाकर विज्ञान दिवस मनाया गया

# ट्रक ऑनर्स संस्थान के जनरल सेकेट्री बनने पर अंजुमन कमेटी ने किया मन्नू पठान का स्वागत



बारां, (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन इस्लामिया के प्रेस प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि दी पब्लिक केरियर ट्रक ऑनर्स संस्थान बारां के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जनरल सेकेट्री के पद पर निर्वाचित होने पर मदरसा अंजुमन के तामीर (निर्माण) कनवीनर मन्नू पठान का अंजुमन ऑफिस में अंजुमन सदर माजिद सलीम के नेतृत्व में माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत कर पठान को मुबारकबाद दी गई। इस दौरान नायब सदर जाकिर मंसूरी, खजांची अशफाक मयूर, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, नासिर खान बंटी, प्रिंसिपल मोहम्मद सादिक, वाईस प्रिंसिपल आबिद देशवाली, मंसूर अली, औसाफ इमरान, इरफान मंसूरी, जफीर अहमद, अनवर हाशमी, मोहम्मद हुसैन, सखावत अंसारी सहित कमेटी के पदाधिकारी व स्टॉफ मौजूद रहा।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित, बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की शीघ्र नियुक्ति के निर्देश

बारां, (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त करने के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिवांशु शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई तथा बीएलए नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे शीघ्र ही अपने बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर संबंधित सूची जिला निर्वाचन कार्यालय एवं संबंधित ईआरओ को दो दिवस में उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1031 मतदान केंद्र हैं, जिनमें - अन्ता (193) 247 मतदान केंद्र, किशनगंज (194) 243 मतदान केंद्र, बारां-अटरू (195) 280 मतदान केंद्र एवं छबड़ा (196) 261 मतदान केंद्र है। बैठक में बताया गया कि बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नाम हटाने और मतदाता सूची में संशोधन कराने में सहायता करेंगे। इससे मतदाता सूची अधिक सटीक और त्रुटि-रहित तैयार हो सकेगी।

चुनाव समन्वयक हीरालाल वर्मा ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्ष में चार अवसर द एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके तहत 1 जनवरी 2025 के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी तीन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया गया। बैठक में निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल जैसे वोटर हेल्पलाइन एप, सी-विजिल, सक्षम ऐप, सुगम पोर्टल आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही, मतदाताओं को जागरूक करने हेतु टोल-फ्री नंबर 1950 की जानकारी साझा की गई। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे शीघ्र ही अपने बीएलए की सूची तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय और संबंधित ईआरओ कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। बैठक में अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय समाज सेवा संस्था के सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष पद पर राजू माली को मनोनीत किया

फिरोज खान वारसी-

झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव के निर्देश अनुसार राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भारतीय समाज सेवा संस्था के सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष पद पर राजू माली को मनोनीत किया, प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने बताया कि देश भर में तो संस्था काम कर ही रही है मगर राजस्थान के सभी जिलों में एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ताकि संस्था को ओर मजबूती प्रदान की जा सके और सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ कर जनता को जागरूक भी किया जा रहा है साथ ही,नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजू माली पत्रकार ने कहा कि संस्था द्वारा जनहित के कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी किया जाएंगे।



# जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने गांव में किया पैदल भ्रमण, विकास कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश




**शब्बीर हुसैन** बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए शनिवार 1 मार्च को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत सिमलोद का निरीक्षण किया और वहां आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर की व्यवस्थाओं को परखा। कलक्टर ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि सरकार किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिले। उन्होंने शिविर में मौजूद किसानों को जागरूक किया कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। शिविर के निरीक्षण के बाद जिला कलक्टर ने सिमलोद गांव में पैदल भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द अपने घरों की सुविधा मिल सके। इसके अलावा, कलक्टर ने गांव में सड़क, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पानी और बिजली आपूर्ति के बारें में बातचीत कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गांव के दौरे के दौरान जिला कलक्टर तोमर ने ग्रामीणों से मिलकर हाथ मिलाया और आत्मीयता से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता ग्रामीण विकास है और सरकार की सभी योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि और स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कलक्टर ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ लेने में अगर किसी को कोई समस्या आती है तो वे प्रशासन से सीधे संपर्क कर सकते हैं। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना जैसी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, इसके लिए प्रभावी कार्य किया जाए। इस दौरान तहसीलदार, बीडीओ, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दरा घाटी में पुलिस की मुस्तैदी से जाम से राहत



**डॉ० तौहीद**

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। दरा घाटी में जाम से राहत दिलाने के लिए पुलिस विभाग ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए यातायात को सुचारू बनाने का बीड़ा उठाया। जब अन्य विभाग इस समस्या का हल नहीं निकाल पाए तो पुलिस ने अपने स्तर पर संसाधन जुटाकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया। पुलिस की इस तत्परता से दरा घाटी में जाम की समस्या को काफी हद तक कम करने में मदद मिली है, जिससे यात्रियों को राहत महसूस हो रही है।

**वन-वे ट्रैक से ट्रैफिक नियंत्रण**

रियासतकालीन मार्ग बना राहत का जरिया।

अब झालावाड़ से कोटा जाने वाले छोटे वाहन दरा नाल के बजाय रियासतकाल के समय बने मार्ग से गुजर रहे हैं। इसके लिए एसएचओ उत्तम सिंह अपनी टीम के साथ रविवार को पूरे दिन अमझार पुलिया पर तैनात रहे। पुलिस ने छोटे वाहनों को अमझार पुलिया से रेलवे पुलिया के नीचे से होते हुए नाल के समीप से निकाला, जिससे दोनों ओर की लेनों को व्यवस्थित किया जा सका।

अमझार पुलिया के पास ग्रेवल सड़क तैयार की गई, जो अमझार नदी से रेलवे पुलिया के नीचे से होते हुए सीधे नाल के पास निकलती है। इस मार्ग को वन-वे रखा गया है, जिससे सिर्फ झालावाड़ की ओर से आने वाले छोटे वाहन ही गुजर सकते हैं। यह मार्ग संकरा होने के कारण एक समय में केवल एक ही वाहन निकल सकता है, इसलिए इसे एकतरफा यातायात के लिए तय किया गया है।

**पुलिस की पहल से मिला हल**

जब दरा घाटी में जाम बढ़ता गया और कोई अन्य विभाग सहायता के लिए आगे नहीं आया, तो पुलिस ने खुद समाधान खोजने का फैसला किया। अमझार पुलिया से कमलपुरा तक सड़क को सेफ्टी कोन से विभाजित किया गया, जिससे छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया। इससे नाल पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो गया।

# खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर ने दरा में लगने वाले जाम को लेकर सरकार को घेरा



झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। खानपुर विधानसभा विधायक सुरेश गुर्जर ने दरा क्षेत्र में लगने वाले भीषण जाम को लेकर विधानसभा में मामला उठाया और राज्य सरकार को घेरते हुए इस समस्या पर त्वरित समाधान की मांग की। उन्होंने सरकार से अपेक्षा की कि इस जाम के कारण हो रही परेशानियों का समाधान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे जनता को राहत मिल सके।विधायक गुर्जर ने बताया कि कई सालों से दरा में यह जाम समस्या बन चुकी है और इसके कारण जनता को न केवल लंबा समय बर्बाद होता है, बल्कि इस जाम के कारण मरीजों की मौत तक हो चुकी है। यह जाम समस्या गंभीर होती जा रही थी, जिससे पूरा क्षेत्र प्रभावित हो रहा था। गुर्जर के दबाव के बाद अब राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए 46 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि इस राशि से संबंधित कार्य जल्द शुरू कर दिए जाएंगे, ताकि जाम की समस्या का स्थायी हल निकाला जा सके।

# इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल मदरसा में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव




**मोहम्मद अली पठान**

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल मदरसा में इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी महमूद अली राणा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एहसान गोरी, डॉ. राहुल कस्वा, सैनिक लेबोरेटरी चुरु के मोहम्मद अली पठान (ब्यूरो चीफ), असगर अली जोईया (पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी), सोहेल खान (डीके युवा कांग्रेस अध्यक्ष), जाकिर खान (भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष), जब्बार खान (कायम खानी हास्टल अध्यक्ष), डॉ. यूनुस खान रूकनखानी (सचिव), हाजी यूसुफ खान आदि प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के निदेशक अख्तर खान रूकनखानी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर की गई, इसके बाद एक छोटी बच्ची ने कुरान की तिलावत की। कार्यक्रम में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें देशभक्ति गीत "हम होंगे कामयाब", "सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा", नृत्य और नात प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के बच्चों ने दीन और दुनियावी तालीम के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विशेष आकर्षण रही स्कूल की छात्राओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति "घूमर" पर शानदार प्रस्तुति। कार्यक्रम में महमूद अली राणा और डॉ. एहसान गोरी ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और दीनी तालीम के बारे में विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही उन्होंने यह घोषणा की कि विद्यालय में गर्मियों में शुद्ध पानी पीने के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की जाएगी। डॉ. राहुल कस्बा ने बच्चों के लिए विशेष उपहार देने की घोषणा की, जबकि सोहेल खान डीके ने भी विद्यार्थियों के लिए उपहार देने का ऐलान किया।

मोहम्मद अली पठान ने अपने विचार व्यक्त किए और डॉ. एहसान गोरी ने छात्रों को मौसमी बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी असगर अली जोईया ने कहा, "बेटियों को दीनी शिक्षा के साथ-साथ दुनियावी शिक्षा भी आवश्यक है, क्योंकि बेटियां दो घरों को शिक्षित करती हैं।" उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सबीना बानो, शिक्षा अनुदेशिका अल्लादेई, शिक्षा अनुदेशक जान मोहम्मद रसूल खान, महबूब खान नसवान, मुबारिक खान, आबिद खान, हाजी यूसुफ खान रूकनखानी ने भी उपस्थित होकर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन शिक्षा अनुदेशक असलम खान ने किया।

# शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार नदीम उल कादरी ने रमज़ान और रोज़े के महत्व पर प्रकाश डाला



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार नदीम उल कादरी ने माहे रमज़ान के अवसर पर शहरवासियों को मुबारकबाद दी और इस पाक महीने की विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रमज़ान के महीने में रोज़े या सौम रखना इस्लाम के प्रमुख पांच अरकान में से एक है, जो हर मुसलमान पर इस महीने में अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि रमज़ान का महीना इस्लामिक कैलेंडर के नौंवे महीने में आता है, और इसका नाम अरेबिक शब्द 'अर-रमद' या 'रमदा' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जलना'। रमज़ान के महीने में रखे जाने वाले 30 रोज़े न केवल एक शारीरिक उपवास होते हैं, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक इबादत भी मानी जाती है। शहर इमाम ने 622 ईस्वी में हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैहि वसल्लम के मक्का से मदीना हिज़रत के दो साल बाद, 624 ईस्वी में पहली बार मुस्लिमों पर रोज़ा फ़र्ज़ होने का उल्लेख किया। रमज़ान का महीना इस्लामिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस माह में की गई फ़र्ज़ इबादत का सवाब (लाभ) आम दिनों में की गई नमाज़ से 70 गुणा ज्यादा मिलता है, और नवाफिल इबादतों का सवाब इस माह में फ़र्ज़ के बराबर कर दिया जाता है। इसके अलावा, माहे रमज़ान में आने वाली 'लैलतुल कद्र' (जिसे 21, 23, 25, 27, 29 तारीख की रातों में से कोई एक रात होती है) की विशेष अहमियत है। इस रात में कुरान पहली बार नाज़िल हुआ था, और इस रात की इबादत का सवाब 1000 रातों की इबादत के बराबर माना जाता है। रमज़ान में तरावीह नमाज़ भी एक महत्वपूर्ण इबादत है, जो इशा की नमाज़ के बाद 2-2 रकअत करके कुल 20 रकअत अदा की जाती है। इस पूरे माह के दौरान इमाम द्वारा नमाज़ के माध्यम से पूरा कुरान पढ़ा जाता है। सैयद मोहम्मद अनवार नदीम उल कादरी ने इस अवसर पर रमज़ान के महीने में शैतान को जंजीरों से बांधने और जन्नत के दरवाजे खोलने का भी जिक्र किया। इसके साथ ही, इफ़्तारी और शहरी का कैलेंडर भी जारी किया गया, ताकि सभी शहरवासी रोज़ा रखने और इफ़्तारी के समय की सही जानकारी प्राप्त कर सकें। शहर इमाम ने अंत में रमज़ान के इस पाक माह में सबकी भलाई और समृद्धि की दुआ की और सभी से अपील की कि वे इस माह की इबादतों का पूरा लाभ उठाएं। इसी क्रम में तीस दिन का शहरी व इफ़्तारी का कैलेंडर जारी किया।

# भामाशाहों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया



सीकर, (रॉयल पत्रिका)। शहीद मुस्ताक अली खान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजोद में भामाशाहों एवं प्रतिभाओं का सम्मान समारोह राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त भंवरसिंह के मुख्य अतिथ्य में शनिवार को आयोजित हुआ। भंवर सिंह ने अपने उदबोधन में बालिकाओं को नैतिक शिक्षा, संस्कारवान तथा अनुशासन की पालना करने की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य रामचन्द्र सिंह खीचड़ ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए ग्रामवासियों से विकास के लिए सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भीवाराम रणवा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच लियाकत अली, सुबेदार इकबाल खान, जोगेंद्र सिंह, सुरजन सिंह, सुबेदार प्रहलादसिंह, हनुमान सिंह पूनिया, इब्राहम मलकाण, इलियास नूरखानी, इमरान खां मुदरबखानी, नियाज खां फाडियान उपस्थित रहे। इस अवसर पर चार राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को मेडल व माला पहनाकर सम्मानित किया। एक दर्जन से अधिक उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। दो दर्जन से अधिक भामाशाहों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षक कविता सैनी सहित पूरे स्टाफ को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में व्याख्याता संगीता ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन व. अ. रोशन अली ने किया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जामिया इस्लाहुल बनात-मदनी गर्ल्स स्कूल का संग-ए-बुनियाद कार्यक्रम संपन्न



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर डाबला रोड़ स्थित जामिया इस्लाहुल बनात-मदनी गर्ल्स स्कूल की संग-ए-बुनियाद (शिलान्यास) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अब्दुल जब्बार ने की। कारी मोहम्मद अरशद जयपुर ने तिलावत-ए-कुरआन से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना अबू तालिब रहमानी ने कहा कि शिक्षा से ही हम तरक्की कर सकते हैं। बिना शिक्षा के हम जीवन में न तरक्की कर सकते हैं और न ही कभी हम सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी अनमोल चीज है जिसका कभी बंटवारा नहीं हो सकता। विशिष्ट अथिति पूर्व एडिशनल कमिश्नर शौकत अली खान, मुफ्ती शकील कासमी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ एफ एच गौरी, समाजसेवी बाबू खान, मौलाना शमीम, मुफ्ती इरशाद कासमी, हाजी यूनुस खान, मोहसिन खान, मुबारक खान,एहसान खान, शबीर खान, समाजसेवी अलाउद्दीन खान, सिकंदर खान, आबिद खान, अजीम खान, हसन खान, मुफ्ती मोहम्मद शफीक, मौलाना मोहम्मद आरिफ, आवेश कुरैशी, कारी शबीर, संजय खान, शमशेर भालू खान, सत्तार खान, असलम खान, हुसैन खान, मुश्ताक खान मोयल, इस्माइल डायर सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन यूनुस अली खान व करामत खान ने संयुक्त रूप से किया। मुफ्ती मोहम्मद लुकमान ने सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया।

# नारी शक्ति सम्मान अवार्ड 2025' में 21 सफल महिलाओं का हुआ सम्मान

## - समारोह के टाक शो में बालीवुड सेलिब्रिटी दिवंगत इरफान खान को दी गई श्रद्धांजलि



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। दुनिया भर में आठ मार्च को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक सप्ताह पूर्व महिलाओं के लिए एक 'अवयरनेस टाक शो' एवं मोस्ट प्रिसटिजियस वूमेंस 'नारी शक्ति सम्मान अवार्ड 2025' का आयोजन रातानाड़ा स्थित होटल फर्न रेजिडेंसी के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम संयोजक आमिर कुवैतवाला ने बताया कि डॉ. कामदार आई हास्पिटल, एनजीओ एस.एम.एल ग्रुप एवं मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रस्तुत ये सम्मान समारोह कार्यक्रम का सातवां वर्ष है। 'नारी शक्ति सम्मान अवार्ड कार्यक्रम पिछले 6 वर्षों से महिलाओं के सम्मान में सायरा आमिर खान द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 100 से अधिक महिलाओं सम्मान किया जा चुका है। साथ ही इस बार के कार्यक्रम में एक वूमेंस टाक शो शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आवास एवं जनभागीदारी एवं सामाजिक आर्थिक विषय पर रखा गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि में मोलाना आज़ाद युनिवर्सिटी जोधपुर के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद् डॉ. रंजन दवे, रियल एस्टेट एक्सपर्ट हरदीप सिंह सलूजा, युनानी एवं आयुर्वेद एक्सपर्ट चिकित्सक डॉ. साज़िद निसार तथा इवेंट मैनेजमेंट कंसल्टेंट आमिर खान "कुवैतवाला" ने वार्तालाप किया। होम साइंस विषय की व्याख्याता एवं आर्टिस्ट डॉ. पूजा राजपुरोहित ने जानकारी दी कि जोधपुर की विभिन्न क्षेत्रों की 21 चयनित प्रतिभाशाली महिलाओं को इस कार्यक्रम में उनके कार्य कुशलता और समाज में एक विशेष योगदान एवं पहचान के लिए सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के दौरान पधारे विशेष गेस्ट में डॉ. साज़िद निसार ने टाक शो में हैल्थ से सम्बंधित बात करते अपने थियेटर आर्टिस्ट होने की किस्से सुनाते हुए अपने भांजे लिजेंड बालीवुड सेलिब्रिटी दिवंगत एक्टर इरफान खान को याद करते हुए उनके साथ बिताए पलो को सुनाते हुए भावुक हुए और कार्यक्रम में उनको श्रद्धांजलि भी दी गई। इस समारोह में समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए व निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक प्रभारी अब्दुल रहीम सांखला को जोधपुर के भीतरी शहर में एम्बुलेंस व ई रिक्शा निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध करवाने के उपलक्ष में मोहम्मद अतीक व मनीषा पंवार के हाथों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सहयोग कर्ता समाजसेवी बिंदु टाक, डॉ. गुलाम अली कामदार, सैनिक टाइम्स निवेश, गुलाब आयल संदीप मुथा, अलीबाबा दिनेश, जीएस ग्रुप के गौतम, हीरा डायग्नोस्टिक के डॉ. हीरा चौधरी, एसआर फार्मा के मोहम्मद साबिर, नीलकंठ आटोमोबाइल के रोहित कल्ला, मारवाड़ डिलायट के मोहित रांकावत, फोटोग्राफी लेंसकार्ट सचिन व महेंद्र सिंह, मिडिया क्राफ्ट अनिकेत गुप्ता, एवं नारी शक्ति सम्मान अवार्ड की कार्यकारिणी टीम की फेहमिदा अंजुम, अपूर्वा गुज़र, हीना साबिर, अपूर्वा शर्मा, काजल शर्मा इत्यादि मेम्बर्स कार्यक्रम में मौजूद रही। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने कार्यक्रम संयोजक सायरा आमिर खान ओर समस्त कार्यकारिणी टीम का आभार प्रकट किया। संचालन डॉ. पूजा राजपुरोहित ने किया।

# भिक्षावृति के खिलाफ कार्रवाई, भिक्षावृत्ति से 9 बच्चों को मुक्त करवाया

सीकर, (रॉयल पत्रिका)। मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन (बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा शनिवार को खाटूश्यामजी से 3 बच्चियों और 6 बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के अस्थाई पुनर्वास के लिए उन्हें सखी वन स्टॉप सेंटर परमार्थ सेवा संस्थान में प्रवेश दिलाया टीम में मौजूद सी आई सुनीता बॉयल, हेडकंस्टेबल रेखा, कौशल्या, प्रेमप्रकाश, चाईल्ड हेल्प लाइन से सुपरवाइजर विनीत वर्मा, ममता और केस वर्कर कृष्णकांत माथुर उपस्थित रहे

# सात साल के अलफेज ने रखा पहला रोजा

**मोहम्मद यासीन**



पाली/सोजत, (रॉयल पत्रिका)। रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना शुरू हो गया है। रहमतों और बरकतों से भरपूर इस महीने में जहां बड़ों ने रोज़ा रखकर शाम को इफ्तारी की वहीं स्थानीय सिलावट मोहल्ले में रहने वाले मोहम्मद वाजिद व रिजवाना के पुत्र अलफेज ने सात साल की उम्र में अपना पहला रोजा रखकर सारे दिन इबादत में मशगुल रहे। शाम को इफ्तारी के वक्त माता पिता व दादी जाहिदा बानो ने खुशी का इजहार करते हुए अलफेज को फूल माला पहनाई व मोहल्ले भर में मिठाई खिलाकर सब का मुंह मीठा कराया। अब्दुल समद राही, रिहाना, रानू, सीमा, परवीन, शबनम टाक, अब्दुल अवल, मोहम्मद अकरम, जावेद राही, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद उमैर आदि ने मुबारकबाद पेश कर खुशी का इजहार किया।

# नवज्ञान-ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से हुआ वार्षिक उत्सव

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू, रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित नवज्ञान-ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम उस्मानाबाद कॉलोनी में आयोजित किया गया और इसे विधिवत रूप से संस्था के अध्यक्ष निजामुदिन खान की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से हुई, जिसमें छात्रों ने विविध रंगों में रंगी हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में "सुनो बच्चों उठाओ बस्ता", "आशीर्वाद पार्टी", "देशप्रेम प्रस्तुति", "बीचट एण्ड पार्टी", "जुकर राजस्थानी", "संस्कृति धूमर रेजिम" जैसी शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके अलावा "शिक्षा के महत्व पर सना ग्रुप का नाटक", "जब नौकरी मिलेगी तो क्या होगा", "बम-बम भोले" पर फैजान एण्ड पार्टी, "सारा ग्रुप बनठन के चाल" और "होली पे धमाल" जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को हंसी-खुशी से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हिंदी, पंजाबी, और राजस्थानी गानों पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उत्साह से भर गया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्था के सचिव अरशद खान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और विद्यालय की प्रगति पर चर्चा की। अध्यक्ष निजामुदिन खान ने अपने सम्बोधन में कहा, "शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी शरीर के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।" उन्होंने शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। संस्था के प्रधानाचार्य सतार खान ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों और छात्रों का धन्यवाद किया। वन्दना प्रजापत, अजिज खान, सलीम खान, शहनवाज, अरुणा सेवी, पूजा कवर, रिया, तारा, सिमा सहित कई अन्य ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से सानीया खान, अनिशा जैनब, और सिमरन द्वारा किया गया।

# सुफ्फा एकेडमी में शानदार वार्षिक उत्सव, शिक्षा के महत्व पर जोर

## -बेटियां दो घरों को शिक्षित करती हैं - डॉ. टांक

मोहम्मद अली पठान




चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित सुफ्फा एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मोहम्मद असलम गौड़ और प्रधानाचार्य एम.डी. खान के साथ मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनवर अली टाक, विशिष्ट अतिथि जीवन खान, मौलाना मुबारक हुसैन और हाफिज अशरफ अली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. अनवर अली टाक ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "बेटी को शिक्षित करना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि बेटी दो घरों को शिक्षित करती है।" उन्होंने शिक्षा के प्रभावशाली परिणामों के बारे में भी बताया और कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बच्चों ने अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और अरबी भाषाओं में बेहतरीन स्पीच, भाषण और तकरीर प्रस्तुत की। इसके अलावा, नज्म, नात, हम्द और समाज सुधार पर आधारित नाटक ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साही बना। विद्यालय के स्टाफ ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सानिया, नाजमान, सना, सबीहा मेम और मौलाना निसार ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। अंत में विद्यालय के संचालक मोहम्मद असलम गौड़ और प्रधानाचार्य एम.डी. खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रोजगार शिविर में 75 आशार्थी हुए लाभान्वित

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांगड, पाली के परिसर में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि शिविर में जिला रोजगार कार्यालय पाली के द्वारा 15 हजार एसएमएस और शिविर के शहर में बैनर एवं पेम्पलेट से प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर के दिन लगभग 750 आशार्थियों के द्वारा शिविर में भाग लिया गया। जिसमें से निजी क्षेत्रो के नियोजको (डीसीबी बैंक पाली, जॉब्स प्लेसर्स वीडी नगर, डागुर प्लेसमेंट सर्विस पाली, द मारुती इंस्टिट्यूट कालुजी की बगेची पाली, पीजी फोइल्स रायपुर, सेल्लो पीवीटी फालना की लगभग 17 कंपनियों के द्वारा 301 आशार्थियों का प्राथमिक चयन एवं राजकीय विभागों के विभिन्न सरकारी विभागों ने विभागीय गतिविधियों से 75 आशार्थियों को लाभान्वित किया।

# सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रमज़ान माह की चाँद रात पर उमड़े जायरीन



कपासन, (रॉयल पत्रिका)। रमज़ान माह की चाँद रात पर सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर जायरीन का भारी तांता लगा। दरगाह परिसर में आस्थावान भक्तों ने दिन भर चादर चढ़ाने, फूल अर्पित करने, अगरबत्ती और इत्र चढ़ाने के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार शनिवार को दिन-भर आशिके दीवाना का आना-जाना लगा रहा। आहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व महफिले समा का प्रोग्राम दिन-भर चलता रहा, मैला ग्राऊण्ड मे 300 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। 30 सिक्यूरिटी गार्ड लगाए गए। दरगाह की औलिया मस्जिद मे हाफिज शाकीर कादरी की ईमामत मे तराविह की नमाज अदा की जाएगी। दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से छाया-पानी का माकूल इंतजाम किया गया। चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा।

# 6 साल की माहिरा ने रखा पहला रोजा



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। शिप हाउस, भारत कॉलोनी निवासी साबिर अली और अमरीन की पुत्री माहिरा ने अपनी ज़िन्दगी का रविवार को पहला रोजा रखा। घर-घर जाकर पान बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले माहिरा के पिता साबिर अली ने बताया कि 6 साल की माहिरा ने खुद ही रोजा रखने की इच्छा जाहिर की। हमने बहुत समझाया कि आप बहुत छोटे हो लेकिन उसने रोजा रखने की जिद कर ली। फिर हमने अल्लाह से दुआ कर के उसकी हिम्मत को देखते हुए उसे रोजा रखवाया। माहिरा पूरी दिन भूखी-प्यासी रही और अपनी अम्मी के साथ पांचो वक्त की नमाज पढी, देश-दुनिया में अमन ओ चैन, शांति, खुशहाली व भाईचारे की दुआ की और उसने गरीबों को कुछ पैसे दान भी किये। माहिरा जोधपुर के नागौरी गेट, बागर चौक स्थित आलोक पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की कक्षा केजी की छात्रा है। माहिरा के रोजा रखने से आस-पास के इसकी हम उम्र के बच्चों में भी उत्साह और वे भी इसकी तरह रोजा रखने की बात कह रहे है।

# मामी-भांजी ने रूपए से भरा बैग लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती हेमागुड़ा निवासी मामी और भांजी ने रूपयों से भरा बैग लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 12 बजे बालिका मनीष विश्नोई एवं भंवरी देवी विश्नोई हेमागुड़ा रामदेव मन्दिर दर्शन कर घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते उन्हें एक बैग मिला, बैग खोलकर देखा उसमें रूपये थे। दोनों ने इस की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिस पर परिजनों ने मनीषा विश्नोई एवं भंवरी देवी विश्नोई को बैग घर पर लेकर आने को कहा। घर पर बैग खोलकर देखा तो उसमें 42 हजार 500 रूपये एवं खाद बीज खरीदने के बिल मिले। बिल पर बैग के मालिक के नाम एवं माबाईल नम्बर लिखा था। बिल पर लिखे नम्बर के आधार पर दानाराम कोली से सम्पर्क किया तो उसने बैग खोने की बात कही। सूचना के बाद दानाराम कोली का परिवार बालिका मनीषा विश्नोई एवं भंवरी देवी विश्नोई के घर पहुंचा। नकदी से भरा बैग वापस मिलने पर दानाराम कोली ने सजल नेत्रों से बच्ची व महीला का आभार जताया।





# अफ़ग़ानिस्तान में विदेशी पर्यटक कबूल कर रहे इस्लाम

## - हो सकते हैं चीनी गुप्तचर



क़ाबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान घूमने जा रहे विदेशी पर्यटक रहस्यमय तरीके से इस्लाम धर्म कबूल कर रहे हैं। दिलचस्प यह है कि अफगानिस्तान का तालिबान प्रशासन इनका जमकर प्रचार भी कर रहा है और खुफिया एजेंसियां इस पर नजर रख रही हैं।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, पिछले एक सप्ताह के दौरान सात लोगों ने अफगानिस्तान आकर इस्लाम धर्म कबूल किया है। जिन लोगों ने इस्लाम धर्म कबूल किया, उनमें कथित तौर पर चीन से अफगानिस्तान घूमने आई एक महिला पर्यटक भी शामिल है। चीनी टूरिस्ट के अलावा कनाडा से घूमने आए एक कनाडा पर्यटक ने भी काबुल में एक स्थानीय अफगान के हाथों इस्लाम कबूल कर लिया। इसके अलावा अफगानिस्तान घूमने आए अलग-अलग देशों से पांच ऐसे ही पर्यटकों ने भी अफगानिस्तान की तोरकम सीमा पर इस्लाम स्वीकार कर लिया। अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन ने इन सभी के बाकायदा वीडियो और फोटो भी जारी किए हैं।

अफगान तालिबान का कहना है कि यह सभी लोग सदाचार को बढ़ावा देने और बुराई की रोकथाम के लिए इस्लाम कबूल कर रहे हैं। इनमें सबसे दिलचस्प चीनी महिला है। उसे संभवत: यह भी पता होगा कि अफगानिस्तान में महिलाओं की क्या हालत है। महिलाओं के साथ किस तरह के अत्याचार किए जा रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह की कोई स्वतंत्रता नहीं दी गई है। इसके बावजूद अफगानिस्तान में चीनी युवतियां और महिलाएं आकर बड़े पैमाने पर इस्लाम धर्म कबूल कर रही हैं।

### क्या खुलासा हुआ

खुफिया शाखा से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि चीन की लगातार कोशिश जारी है कि अफगानिस्तान में अपने ज्यादा से ज्यादा जासूसों को स्थापित किया जाए। यही कारण है कि वहां चीनी नागरिक बड़े पैमाने पर जाकर इस्लाम धर्म कबूल कर रहे हैं और वहां के लोगों से शादियां भी कर रहे हैं। खुफिया शाखा के अधिकारियों का मानना है कि जो ईसाई धर्म या कनाडा मूल के नागरिक वहां जाकर इस्लाम धर्म कबूल कर रहे हैं संभवत वे आतंकवादी संगठन की आईडियोलॉजी से प्रभावित हो सकते हैं।

### आतंकी कर रहे खेल?


ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें सोशल मीडिया के जरिए आतंकवादी संगठन अलग-अलग देशों के लोगों को प्रभावित कर आतंकवाद में कूदने के लिए मजबूर कर देते हैं।

फिलहाल अफगानिस्तान में लगातार हो रहे इस धर्म परिवर्तन पर अब दुनिया भर की खुफिया एजेंसियों की निगाहें टिक गई हैं। अफगानिस्तान ऐसा देश है, जिसके बारे में दुनिया बहुत कुछ नहीं जान पाई है। कारण कि वहां पाबंदियां बहुत हैं।
































### फार्म-4
(नियम 8 देखिये)

| | |
|---|---|
| 1. समाचार पत्र का नाम | रॉयल पत्रिका |
| 2. भाषा | हिन्दी |
| 3. प्रकाशन का स्थान | जयपुर |
| 4. प्रकाशन की अवधि | साप्ताहिक |
| 5. मुद्रक का नाम | मुन्ना खान |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं ?) | हां |
| पता | 4312, मौहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर |
| 6. प्रकाशक का नाम | मुन्ना खान |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं ?) | हां |
| पता | 4312, मौहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर |
| 7. सम्पादक का नाम | मुन्ना खान |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं ?) | हां |
| पता | 4312, मौहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर |
| 8. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | मुन्ना खान, 4312, मौहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर |

मैं मुन्ना खान एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

मुन्ना खान
प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक: 04 मार्च 2024







मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए श्रीराम ऑफसेट, 6-शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड़, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com